

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 03 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-214 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# श्रीनगर के संडे बाजार में ग्रेनेड हमला, 10 घायल

## सुरक्षा बलों ने एक दिन पहले पाकिस्तान से आये आतंकी उस्मान को मार गिराया था,धमाके से मकान में लगी आग

श्रीनगर,2 नवंबर। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में रविवार को ग्रेनेड हमला हुआ. यह हमला मुख्य श्रीनगर में टीआरसी ऑफिस के पास संडे बाजार में हुआ. ब्लास्ट की चपेट में संडे बाजार की भीड़ आ गई जिसमें 10 लोगों के घायल होने की खबर है. एक दिन पहले ही खानयार में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया था.

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में रविवार को ग्रेनेड हमला हुआ. यह हमला मुख्य श्रीनगर में टीआरसी ऑफिस के पास संडे बाजार में हुआ. ब्लास्ट की चपेट में संडे बाजार की भीड़ आ गई जिसमें 10 लोगों के घायल होने की खबर है. एक दिन पहले ही खानयार में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया था. जम्मू-कश्मीर में शनिवार सुबह से सेना और आतंकियों के बीच दो अलग-अलग एनकाउंटर हुए. जहां अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने दो दहशतगर्दों को ढेर कर दिया तो वहीं श्रीनगर के खानयार में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है. खानयार में मारे गए आतंकी की पहचान पाकिस्तान के रहने वाले उस्मान के रूप में हुई थी, जो पिछले एक दशक से भारत के खिलाफ साजिशें रच रहा था. बता दें कि जिस मकान में आतंकी छिपे थे, उसमें बड़ा धमाका हुआ. इसके बाद मकान में आग लग गई. इलाके में भीषण धुएं का गुबार नजर आ रहा था. इस ऑपरेशन में सेना के कई जवान भी घायल बताए हुए हैं.



## संक्षेप

### टीम इंडिया की शर्मनाक हार

मुंबई,3 नवंबर। न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट में भारत को 25 रन से हरा दिया है। टीम इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से



जीत ली है। कीवी टीम पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में 263 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को 28 रन की बढ़त मिली थी। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रन पर खत्म हुई। भारत के सामने 147 रन का टारगेट था। जवाब में टीम 121 रन पर ऑलआउट हो गई।

### नक्सली हमले में दो जवान घायल

सुकमा,3 नवंबर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवानों पर नक्सलियों ने अचानक हमला कर दिया. इस फायरिंग में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, यह घटना आज सुबह उस समय हुई जब जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में जवान ड्यूटी पर तैनात थे. नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने इस हमले को अंजाम दिया है. इस हमले के बाद बाजार में अफरा तफरी मच गई, और पुलिस ने इलाके को घेर लिया है. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है. फिलहाल, घायल जवानों का जगरगुंडा अस्पताल में इलाज जारी है. घायल जवानों के नाम करतम देवा और सोढ़ी कन्ना हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. रिपोर्ट्स के अनुसार, नक्सलियों ने दोनों जवानों से हथियार भी लूट लिए हैं, जिसमें एक एके-47, एक एसएलआर और गोलाबारूद शामिल है.

### चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या

बालोद,3 नवंबर। चरित्र पर शंका करने की वजह से पति ने बीती रात पत्नी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी. पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता था. घटना के बाद पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार कर जांच में जुटी है. पूरा मामला बालोद थाना क्षेत्र के हरांठेमा गांव का है, जहां आरोपी पति टम्मन गावड़े ने बीती रात अपनी पत्नी अश्वनी बाई से विवाद होने के बाद डंडे से पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ज्यादा रात होने की वजह से घर को सील कर दिया था. आज पुलिस मौके पर पहुंचकर औपचारिक कार्रवाई करेगी.



# कार डबरी में गिरी,8 की मौत

## शिक्षिका का पूरा परिवार खत्म

बलरामपुर 3 नवंबर। बलरामपुर में भीषण सड़क हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो गयी है। घटना में शिक्षिका का पूरा परिवार खत्म हो गया। जानकारी के मुताबिक शिक्षिका चंद्रावती मुंडा शासकीय शिक्षिका थी। दिवाली का त्योहार मनाकर वो लौट रही थी, तभी उनकी स्कार्पियो भीषण हादसे का शिकार हो गयी। घटना बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़ाबगीचा लड्डवा के पास की है।जानकारी के मुताबिक मृतिका शिक्षक कन्या सूरजपुर संकुल के प्राथमिक शाला बालक बड़कापारा में पदस्थ थी। शिक्षिका चंद्रावती इंद्रावल मैडम का उनके पति एवं पुत्री सहित राजपुर के निकट एक भीषण वाहन दुर्घटना में निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक सड़क किनारे बने एक डबरी में स्कॉर्पियो डूब गया। स्कार्पियो का कांच लाक हो जाने की वजह से सभी लोगों की दम घुटने से मौत हो गयी। सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतक महिला सूरजपुर जिले में शिक्षिका थी।जानकारी के मुताबिक शिक्षिका चंद्रावती मुंडा की भी इसमे मौत हुई है, जबकि उसके बच्चे और पति की भी जान गयी है।

ये सभी लोग सूरजपुर से लरीमा गांव आई हुई थी और शनिवार की रात जब वापस लौट रहे थे तभी यह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। घटना में एक बच्ची, महिला और पुरुष समेत जिन तीनों के साथ अन्य पांच अन्य लोगों की मौत हुई है इसमें स्कॉर्पियो का चालक है और चार अन्य सदस्य भी लरिमा गांव के ही अलग-अलग घर के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक ये सभी स्कॉर्पियो वाहन में जगह खाली होने की वजह से उनके साथ उनके सूरजपुर स्थित गांव घूमने जा रहे थे। मृतकों में चंद्रावती पति संजय मुंडा, कृति पिता संजय मुंडा, संजय मुंडा पिता वासुदेव, उदयनाथ पिता रामेश्वर, मंगल दास पिता घनश्याम मुंडा, भूपेंद्र पिता हरिलाल शामिल हैं। बलरामपुर एसपी वैभव वेंकट ने बताया कि छह मृतकों में एक बच्ची, एक महिला और चार पुरुष हैं।

## लापता युवक का शव पांच दिन बाद डबरी में मिला

बलरामपुर,3 नवंबर। पांच दिनों से लापता युवक का शव डबरी में मिला है. सूचना पर सनवाल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गई है. मृत युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. जानकारी के अनुसार, सनवाल थाना क्षेत्र स्थित बरवाही गांव में रहने वाला लोकेश कुमार गुप्ता 29 अक्टूबर से लापता था. परिजनों ने 1 नवम्बर को सनवाल थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पांच दिन बाद अब जाकर ग्रामीणों ने डबरी में युवक का शव तैरते हुए देखने के बाद पुलिस को सूचना दी. वाड्रफनगर एसडीओपी राम अवतार ध्रुव ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट 1 नवंबर को ही दर्ज कर ली गई थी. पुलिस गुम इंसान की तलाश कर रही थी, परिजन भी काफी प्रयास कर रहे थे. डबरी में मिले शव को पुलिस एफएसएल टीम के आने के बाद निकालकर पीएम के लिए भेजा जाएगा.

# भड़के कबीरपंथियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

रायपुर,3 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



बलौदाबाजार जिले के कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में दीपावली की रात उपद्रवियों द्वारा हमले के बाद कबीरपंथी समाज आक्रोशित है। कबीरपंथी समाज के नेता हनुमत प्रसाद साहू ने आचार्य हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब कबीर आश्रम पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस हमले में नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब को धमकी दी गई और आश्रम में बम फेंके गए है ,जो दुर्भाग्यपूर्ण है। वही खरसिया एवं कांशी गद्दी के आचार्य हुजूर अर्धनाम साहेब ने इसे निंदनीय कहा है। आचार्य अर्धनाम साहेब ने सभी कबीरपंथियों एवं गद्दी के आचार्य और साधु-संतों से एकजुट होकर इस घटना का विरोध करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो सभी कबीरपंथी आंदोलन करेंगे। उन्होंने दामाखेड़ा आश्रम के प्रमुखों से घटना की जानकारी भी ली। खरसिया कबीर गद्दी के प्रमुख ट्रस्टी हनुमत प्रसाद साहू ने बताया कि आचार्य अर्धनाम साहेब ने अपने संदेश में कहा है कि कबीरपंथ एक सहज, सरल और सत्य-अहिंसा का पंथ है, जो कबीर साहेब के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि देशभर के कबीरपंथी इस घटना का एकजुट होकर विरोध करेंगे और मांग की है कि इस प्रकार की घटनाओं में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### महंत ने की निंदा

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने बलौदाबाजार दामाखेड़ा की घटना पर कहा कि, जिस प्रकार की घटना की जानकारी मिली है अत्यंत ही निंदनीय है, बलौदाबाजार जिला की धरती, सतनाम एवं सत्यनाम कबीर पंथ के आदर्शों के लिए जाना जाता हैं, जो पूरे देश विदेश के आस्था का केंद्र है। शांति के प्रखर संत मनखे मनखे एक समान की अलख जगाने वाले कबीर साहेब के धर्म स्थली पर हमला प्रदेश भाजपा सरकार की नाकामी का एक और जीवंत उदाहरण है।

# चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर युवक की हत्या

दुर्ग,3 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई के लक्ष्मी मार्केट के आदर्श नगर में कल रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई. आरोपियों ने युवक पर चाकू से इतना हमला किया की अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है. यह मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है. मृतक की पहचान धीरज महानंद उर्फ टकला के रूप में हुई है, जो कि एक आदतन अपराधी था. जानकारी के अनुसार, धीरज हत्या के आरोप में बिलासपुर जेल में बंद था और हाल ही में रिहा हुआ था. पुलिस ने बताया कि घटना के समय धीरज महानंद ने करीब 5 बजे एक युवक को कटर मारा था, जिसकी सूचना सुपेला पुलिस को मिली थी. पुलिस उसे तलाश कर रही थी, तभी एक घंटे बाद उन्हें सूचना मिली कि धीरज पर किसी ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया है. जब तक पुलिस अस्पताल पहुंची, तब तक



उसकी मौत हो चुकी थी. इधर सुपेला पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम तत्काल आरोपियों की तलाश में जुट गई है. वहीं थाना प्रभारी राजेंश मिश्रा, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, ,फोरेसिंक अधिकारी मोहन पटेल घटना स्थल पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज सहित घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस के अनुसार मृतक धीरज महानंद तालाब के पास कटर मारकर सीधे भाग कर यहां आया था, और यहां आते ही उसकी किसी ने बदला लेने की नीयत से हत्या कर दी. फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है.

### पीएम मोदी 8 से 14 नवंबर तक महाराष्ट्र में करेंगे 11 रैलियां

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर 8 से 14 नवंबर राज्य में पार्टी के प्रचार के लिए कई रैलियां करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी राज्य में 8 से 14 नवंबर के बीच करीब 11 रैलियों को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पीएम मोदी के 8 नवंबर को धुले और नासिक, 9 नवंबर को अकोला और नांदेड़, 12 नवंबर को चंद्रपुर, चिमूर, सोलापुर व पुणे और 14 नवंबर को संभाजीनगर, नवी मुंबई और मुंबई में चुनावी सभाओं को संबोधित करने की उम्मीद है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी राज्य में चुनाव से पहले करीब 20 रैलियों को संबोधित करेंगे।

# कमला हैरिस ने भारत को याद कर शेयर की अपनी बचपन की तस्वीर



वाशिंगटन,3 नवंबर। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपनी मां डॉ. श्यामला गोपालन हैरिस के साथ बचपन की तस्वीर शेयर करते हुए भारत को याद किया है। उन्होंने कहा कि उनकी मां 19 साल की उम्र में ही भारत से अमेरिका आ गई थीं। उनके साहस और दृढ़ संकल्प से ही वह कुछ बन पाई हैं। वहीं कमला हैरिस में एक संपादकीय में भी भारत यात्रा और अपनी मां को याद किया। ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जैगरनॉट में उन्होंने संपादकीय लिखा। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को सम्मान देना सिखाया है। लगभग हर साल हम दिवाली मनाने भारत जाया करते थे। वहां अपने चाचा-चाची, दादा-दादी और भाई बहनों के साथ समय बिताते थे। उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति के तौर पर घर पर दिवाली मनाना और लोगों की मेहमाननवाजी करना मेरे लिए गौरव की बात है। दक्षिण एशियाई अमेरिकी प्रवासियों की संस्कृति, विरासत अद्भुत है और यह यह अमेरिका के साथ एकडोर से बंधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मां के जीवन के दो ही लक्ष्य थे। एक अपनी बेटियों को पालना और दूसरा स्तन कैंसर का इलाज करवाना। उन्होंने बताया कि उनके दादा एक रिटायर सिविल सेवक थे। वह सुबह उठकर अपने दोस्तों के साथ सैर करने जाते थे। उनके साथ कमला हैरिस भी चली जाया करती थीं। इस दौरान वह बुराई पर अच्छाई की जीत और लोकतंत्र से जुड़ी कई बातें उनसे सुनती थीं। वहीं से उन्हें सार्वजनिक जीवन और जनता की सेवा करने की ललक पैदा हुई।



रायपुर। बस्तर से आये कलाकार राजधानी की सड़कों पर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है: धीरेंद्र शास्त्री



रायपुर,3 नवंबर। कवर्धा प्रवास के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने महाकुंभ में गैर हिंदुओं के प्रवेश को बंद करने के लिए कहा है। जिन्हें सनातन संस्कृति के बारे में पता हो,पूजा पाठ पाठ और सामग्री की शुद्धता के बारे में पता हो उन्हें ही यह कार्य दिया जाना चाहिए। शास्त्री ने उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि बंटोगे तो फूट-फूटकर कटोगे। शास्त्री ने कहा कि अगर बार हम एक साथ रह जाएं तो उन्हें नानी याद आ जाएगी। वे हमें तोड़ नहीं पाएंगे। वे गजवा ए हिन्द का नारा लगा रहे हैं तो हम भगवा ए हिन्द का नारा क्यों लगाए।

बागेश्वर बाबा धीरेन्द्र शास्त्री से किरण सिंहदेव तथा सुनील सोनी ने आशीर्वाद लिया. बीजेपी अध्यक्ष ने × पर बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास में गत रात्रि बागेश्वर बाबा पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. साथ ही उन्हें बस्तर आगमन हेतु निमंत्रण दिया. बाबा बागेश्वर हेलीकॉप्टर से कवर्धा पहुंचे. वे सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से कवर्धा के न्यू पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचे. उसके बाद वहां से ग्राम राम्हेपुर के लिए रवाना हुए. उसके बाद वह आगे के कार्यक्रम में शामिल हुए. बता दें कि कवर्धा के बाद बाबा बागेश्वर महाराज का कांकेर जाएंगे. बाबा कवर्धा से कांकेर तक हेलीकॉप्टर से जाएंगे. बाबा पहाड़ी वाली भुवनेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे. उसके बाद वह कांकेर में विश्राम करेंगे. अगले दिन चार नवंबर को बाबा बागेश्वर रायपुर जाएंगे.

# सीएम योगी को जान से मारने की धमकी देनी वाली फातिमा गिरफ्तार

मुंबई,3 नवंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने की आरोपी महिला को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी के मुताबिक महिला की पहचान 24 वर्षीय फातिमा खान के रूप में हुई है। फातिमा उल्हासनगर की रहने वाली हैं। फातिमा के पिता एक फर्नीचर के कारोबारी हैं। वहीं आरोपी महिला ने बीएससी इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी से बीएससी किया है। पुलिस का कहना है कि महिला पढ़ी लिखी है लेकिन उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। बता दें कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सऐप पर अननोन नंबर से एक संदेश मिला था। इसमें कहा गया था कि अगर आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो उनका भी बाबा सिद्दीकी जैसा हाल होगा। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि यह संदेश फातिमा खान के नंबर से आया था। मुंबई एंटी टेररिजम स्क्वॉड ने पुलिस के साथ मिलकर ऑपरेशन चलाया और महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में आगे की जांच की जा रही है। बता दें कि 20 नवंबर में महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीएम योगी प्रचार करने पहुंचने वाले हैं। इसी महीने 12 तारीख को एनसीपी के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी। वह अपने विधायक बेटे के कार्यालय से बाहर निकल रहे थे तभी शूटरों ने उनपर गोली चला दी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। इसी साल सीएम योगी को कई बार जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। बीते दिनों किसी ने डायल 112 पर फोन करके धमकी दी थी। इसके बाद ट्विटर और फेसबुक पर भी सीएम योगी को धमकी दी गई। यूपी पुलिस ने कुछ ही दिनों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक शख्स ने फेसबुक पर धमकी दी थी और उसे फुलवारिया शरीफ में गिरफ्तार किया गया था।



# शाह ने झारखंड चुनाव के लिए जारी किया संकल्प पत्र

रांची । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। पार्टी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को ध्यान में रखते हुए 150 संकल्प जारी किए हैं। संकल्प पत्र में गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को हर माह 2100 रुपये, 300 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, युवा साथी योजना के तहत ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार युवाओं को दो साल तक प्रतिमाह दो हजार रुपये का भत्ता देने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम दूसरी पार्टियों की तरह घोषणा नहीं करते, बल्कि संकल्प लेते हैं और उसे साकार करके दिखाते हैं। केंद्र और राज्यों में हमारी सरकारों का ट्रैक रिकॉर्ड है कि हमारी पार्टी जो कहती है, वह पूरा करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि हम झारखंड में माटी, बेटी और रोटी को बचाने के संकल्प के साथ चुनाव में आए हैं और हमें पूरा विश्वास है कि राज्य की जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की यात्रा में सहभागी बनेगी। हेमंत सोरेन आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं। केंद्र सरकार ने राज्य को साढ़े चार लाख करोड़ से ज्यादा की राशि दी, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार इस राशि का उपयोग करने के बजाय लूट-खसोट में व्यस्त रही। राज्य की जनता इस कुशासन से मुक्त होने का संकल्प ले चुकी है। अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में समान नागरिक संहिता लाएगी, लेकिन आदिवासी समुदाय को इससे बाहर रखा जाएगा।

# दामाखेड़ा में कबीरपंथ के उदितमुनि नाम साहब पर हमले की साजिश निंदनीय, दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई हो:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,3 नवंबर।** बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में कबीर आश्रम में उपद्रव एवं कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के पुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने निंदनीय बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में उपद्रव करने वाले एवं उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दामाखेड़ा में हुई घटना निंदनीय है। कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी पर कुछ लोगों द्वारा मामूली बात को लेकर साजिश पूर्वक हमला करना और आश्रम में तोड़ फोड़ करना अत्यंत ही निंदनीय है। जो गुरु आमजनों में शांति का संदेश प्रवाह करते हैं और संत कबीरदास साहेब जी के संदेशों को प्रत्येक समाज तक पहुंचाते हैं उनके ऊपर हमला किया जाना गलत है।उन्होंने आगे कहा कि दामाखेड़ा की घटना में जिस प्रकार से उपद्रव करने और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा साजिश रची गई उसे छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की और सुरक्षा तैनात करने के साथ ही 11 से अधिक आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी सर्वधर्म समभाव की भावना से हर समाज व व्यक्ति की सुरक्षा के लिए तत्पर है। सभी समाज की भावनाओं का सम्मान करना ही हमारी प्राथमिकता है और इस घटना में भी जो भी आरोपी हैं उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भावना बोहरा ने कहा कि श्री प्रकाश मुनिनाम साहब व उनके सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब ने हमेशा ही समाज मे एकता व सद्भावना का संदेश दिया है। महान संत कबीरदास जी के जीवन आदर्श का स्मरण करते हुए अपने संदेशों में आपसी भाईचारे तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोने की बात जन-जन तक पहुंचाई है। ऐसे में एक धर्म गुरु के साथ ऐसी घटना करने वाले व्यक्ति केवल प्रदेश में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहें हैं। अपने निजी लाभ के लिए लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहें। लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार सभी धर्मों के प्रति संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व प्रदेश में अराजकता फैलाने वाले ऐसे व्यक्तियों पर सरकार सख्ती से कार्यवाही करेगी।

## उपमुख्यमंत्री ने आकांक्षा को एमबीबीएस तैयारी के लिए पांच लाख रुपये का चेक प्रदान कर बढ़ाया हौसला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,3 नवंबर।** कबीरधाम जिला के रेंगाखार मंडल के ग्राम समनापुर के पास स्थित ग्राम मटिया डोंगरी की निवासी आकांक्षा मेरावी को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बड़ी आर्थिक सहायता मिली है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आकांक्षा मेरावी को एमबीबीएस की पढ़ाई की तैयारी के लिए पाँच लाख रुपये का चेक प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के शैक्षिक विकास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आकांक्षा जैसे होनहार छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलना आवश्यक है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें और राज्य का नाम रोशन कर सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश की बेटियाँ अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और हम उन्हें पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इस सहायता से आकांक्षा मेरावी जैसे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। आकांक्षा मेरावी ने इस सहायता के लिए उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक सहायता उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे उनकी एमबीबीएस की तैयारी में आने वाली वित्तीय समस्याएँ दूर होंगी। आकांक्षा का सपना है कि वह एक कुशल डॉक्टर बनकर अपने समाज और प्रदेश की सेवा कर सके। उपस्थित सभी ने आकांक्षा की सफलता की कामना की और राज्य सरकार के इस प्रयास की सराहना की, जिससे गाँवों के युवा भी अपनी मंजिल हासिल करने की दिशा में प्रोत्साहित हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश अग्रवाल, बीजेपी नेता निर्मल द्विवेदी, कमलाकांत नाविक सहित जनप्रतिनिधि एम, पार्षदगण उपस्थित थे।

## एक नज़र



### युवक की चाकू मारकर हत्या

**भिलाई, 3 नवंबर।** भिलाई सुपेला थाना अतंर्गत शनिवार शाम एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक कुछ दिन पूर्व हत्या के मामले में जेल से छूटकर आया था। पुलिस घटनास्थल पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है शहर एएसपी सुखनंदर राठौर ने बताया कि गौतम नगर सुपेला निवासी धीरज महानंद उर्फ टकला 25 वर्ष लक्ष्मी नगर पुरानी देशी शराब दुकान के पास शनिवार की शाम 6:30 बजे के करीब अज्ञात आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया। इसके बाद उसे मरणासन्न अवस्था में मौके पर छोड़कर भाग। सूचना मिलते ही मौके पर भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी,फोरेसिंक अधिकारी मोहन पटेल,सुपेला टीआई राजेश मिश्रा पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल इलाज के सुपेला स्थित शास्त्री अस्पताल में भर्ती करायाए जहां उसकी मौत हो गई। मृतक का शव सुपेला शासकीय अस्पताल के मरच्युरी में रखा गया है। एएसपी राठौर ने बताया कि सुपेला पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है ।

### जुआ खेलते 150 लोग गिरफ्तार

**भिलाई, 3 नवंबर।** भिलाई दीवाली पर जुआ खेलने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की जिलेभर में कार्रवाई कर 150 से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार किया गया उनसे तीन लाख रुपये से अधिक की राशि जब्त की है जुआ खेलने वालों के खिलाफ पुलिस की ये कार्रवाई अभी भी जारी है दीवाली के पहले ही दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया था कि किसी कुप्रथा की आड़ में जुआ खेलने वालों पर कार्रवाई की जाए इसके बाद पुलिस ने अभियान शुरू किया था पुलिस ने दीवाली के पहले से ही जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर बाद तक की शहरी और ग्रामीण थाना क्षेत्रों में पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है ।

### बालक से दुराचार, युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 3 नवंबर ।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में एक 14 वर्षीय मूक बधिरे किशोर से अप्राकृतिक कृत्य की घटना हुईं है आरोपित ने पांच दिन पहले पीड़ित से अप्राकृतिक कृत्य किया पीड़ित ने इशारों में मां को आरोपित के कृत्य के बारे में बताया इसके बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अप्राकृतिक कृत्य व पाक्सो एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा है पुलिस ने बताया कि मंगल बाजार छावनी निवासी आरोपित 34 वर्षीय नवीन लहरी ने पीड़ित बालक से अप्राकृतिक कृत्य किया है पीड़ित अपने घर के पास खेल रहा था इसी दौरान आरोपित वहां पहुंचा और पीड़ित को चाकलेट देने का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया और उससे अप्राकृतिक कृत्य किया। घटना के बाद बालक अपने घर गया और इशारों में अपनी मां को घटना की जानकारी दी।

### कुटेलाभाटा में शव मिला

**भिलाई, 3 नवंबर ।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र ग्राम कुटेला भाटा में बीती रात एक युवक का शव पुलिस को मिला है पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में रख दिया है मृतक के पुत्र के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस के मुताबिक रात लगभग 1 बजे पेट्रोलिंग पार्टी को कॉल आया कि एक युवक बेहोशी की हालत में रोड के किनारे पड़ा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोश युवक यश राम निषाद निवासी कुटेला भाटा 27 वर्ष को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि यश राम निषाद तीन बच्चों का पिता है और वह मजदूरी का काम करता था । दोपहर लगभग ढाई बजे से वह घर से गायब था तब से उसके परिवार वाले उसे खोज रहे थे रात लगभग 10:30 बजे परिवार वालों ने गुम की सूचना दर्ज कराई थी मृतक यश राम निषाद का एक बेटा अंबिकापुर में होने के कारण उसके आने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी



**उतई।** सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक पाटन सहित तीनों पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमानी चंद्राकर ,खेमलाल साहू ,लालेश्वर साहु ने सांसद विजय बधेल के सेक्टर 5 निवास पहुंच कर दीपावली की बधाई दी।

## शिविर में 74 मरीजों का उपचार कर दवाई भी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 नवंबर।** समर्थन संस्था ने उपस्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर ;स्वास्थ्य विभाग ग्राम पंचायत पीआरआई और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति वीएचएसएनसी पाटन ब्लॉक के पांच गांवों में यह पहल स्वास्थ्य द्वारा समर्थित हृदय परियोजना का हिस्सा है।इसी प्रयास को जारी रखते हुए महिमा हॉस्पिटल उतई आयुष्मान आरोग्य मंदिर सांतरा एवं ग्राम पंचायत माणिकचौरी के सहयोग से दिनांक 28 अक्टूबर दिन सोमवार को ग्राम पंचायत माणिकचौरी में समर्थन

एलआईसी.एचएफएल हृदय परियोजना के अंतर्गत महिमा हॉस्पिटल से डा. भूपेंद्र कुमार और डॉ. विपुल कुमार गुप्ता के द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जहां शिविर में एनसीडी स्क्रीनिंग शुगर बीपी की जांच मौसमी बीमारी, सर्दी.खांसी, बुखार, उल्टी,दस्त, पीलिया, पेट दर्द, सीना में दर्द, घुटनो में दर्द, जोड़ो में दर्द, कमर दर्द, बीपी, शुगर, कमजोरी, आंखों की सामान्य समस्यायोंए थायराइड और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के मरीजों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया। जहा स्वास्थ्य शिविर में कुल 74 मरीजों शामिल हुए ।स्वास्थ्य कैंप में आए हुए मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण कर ईलाज के लिए उचित परामर्श और आवश्यक दवाएँ प्रदान की गई।उपरोक्त कार्यक्रम में महिमा हॉस्पिटल से डॉ. भूपेंद्र कुमार साहू, डॉ. विपुल कुमार गुप्ता बीएएमएसए जनरल प्रैक्टिसनर, ललित कुमार साहू ;स्टाफ नर्स वैभव कुमार साहू जीएनएम मितानिन रामेश्वरी साहू, समर्थन कार्यकर्ता तोकेश्वर साहू बीएससी नर्सिंग, एमपीएच डिंपल साह, भूमी साह, कविता सूर्यवंशी, उपस्थित थे।

## धूमधाम से किया गया गौरी-गौरा का विसर्जन



**जामुल, 3 नवंबर।** दीपावली (गोवर्धन पूजा) के शुभ अवसर पर पुरैना तालाब जामुल में आदिशक्ति माँ गौरी-गौरा विसर्जन धूमधाम से किया गया। गौरा गौरी विसर्जन कार्यक्रम में जामुल नगर से मुख्यतः पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, मेघनाथ साहू, प्रशांत बंटी गुप्ता, अविनाश चंद्राकर, दीपक सिंह, मनोज साहू, योगेंद्र लल्लन सिंह, दिनेश पांडे, गोवेर्धन साहू, तुकेश सेन, कमल महराज, अमितेश महराज, अनिल वर्मा, छोटू साहू, गप्पू जंघेल, पिंटू साहू, सुरेंद्र साहू, पूजा साहू, रुपाली निर्मलकर, नागेश, मनोज वर्मा, नरेश देवांगन, सोनू साहू गोपी देशमुख, कैलाश देशमुख, बहल ठाकुर,रिखी ठाकुर, महेश ठाकुर, गिरधारी ठाकुर, शंकर ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, रूपेश ठाकुर, पवन ठाकुर, गिरधारी ठाकुर, विकास साहू, हृदय साहू, गुलशन गुलज़ार साहू, सुशील देवांगन, देवलाल साहू, अज्जू साहू, माधव साहू, नारायण गौतम, मनोज साहू सहित सैकड़ो की संख्या में नन्हे बच्चे, माँ बहने उपस्तिथ रहे।

## भिलाई इस्पात संयंत्र के 8 कार्यपालकों को दी गई विदाई



**भिलाई, 3 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के खदान विभाग सहित विभिन्न विभागों में पदस्थ आठ कार्यपालक 31 अक्टूबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन 02 नवंबर 2024 को इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों ने सेल में अपने सेवा अनुभव और सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की योजनाओं को भी साझा किया। अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं- तरुण कनरार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सीओ एंड सीसीडी), डॉ मीनाक्षी दवे, एसीएमओ (एम एंड एचएस), श्रीमती अनुराधा सिंह, महाप्रबंधक (एचआर), वी अनिल कुमार, उप महाप्रबंधक (ईडीडी), अजय कुशवाहा, उप महाप्रबंधक (ओएचपी), सतीश कुमार पंचांगम, सहायक महाप्रबंधक (आरएसएम), दीपक कुमार नायक, सहायक महाप्रबंधक (परियोजनाएं), जुगल किशोर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (एसएमएस-2) शामिल हैं।

## भिलाई-चरौदा में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लिया गया संकल्प

**भिलाई-03।** नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय प्रांगण में बुधवार 30 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का बोध कराने वाली शपथ समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा ली गयी। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ। जिसे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। इस प्रकार निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत सहित उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने अपना योगदान प्रदान करने का सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया गया।

## विधायक दिवाली की रात काली और गौरी पूजन में शामिल हुए



भिलाई, 3 नवंबर। दीपावली की रात वैशाली नगर विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्रों में परंपरानुसार गौरी-गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी-गौरा, जिन्हें शिव-पार्वती का प्रतीक माना जाता है को स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। लोक गीतों और नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया। शुक्रवार और शनिवार दोनों दिन गौरी-गौरा का विसर्जन किया जा रहा है। इस दौरान शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। 31 अक्टूबर की रात वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सेक्टर-6, हाउसिंग बोर्ड, कोहका, नेहरू नगर, स्मृति नगर सहित सात कालीबाड़ी में पहुंच मां काली की पूजा अर्चना में शामिल हुए। गुरुवार और शुक्रवार को विधानसभा के लगभग 60 गौरी गौरा पूजन आयोजनों में भी विधायक शामिल हुए। आपको बता दें कि दीपावली के मौके पर गौरी गौरा के पूजन का विशेष महत्व है। दीवाली की आधी रात को गौरी गौरा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा का दौर शुरू हुआ जो अगले दिन तक चला। जहां आधी रात को शुरू हुई पूजा के खत्म होने के बाद दिन भर प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ का पारंपरिक गाड़ा बाज़ा की धुन पर जसगीत गाते श्रद्धालु विसर्जन के लिए प्रतिमाएं तालाब लेकर गए। गौरा गौरी पूजन के अगले दिन भक्त गाजे-बाजे के साथ गौरा गौरी का विसर्जन नदी और तालाबों में करने निकले। इस दौरान भक्त थिरकते हुए इस आयोजन में शामिल हुए।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि गौरा गौरी पूजन की यह परंपरा प्राचीन छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई है, जहां मिट्टी से भगवान शिव और पार्वती की मूर्तियां बनाकर उनकी बारात निकाली जाती है। इस बारात में रात भर भक्त नाचते गाते हैं। मूलतः यह परंपरा आदिवासी समाज द्वारा शुरू की गई थी लेकिन अब सभी समुदाय और जाति के लोग इसमें भाग लेते हैं और वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र गुरुवार और शुक्रवार को दोनों दिन लगभग 60 से अधिक पूजन आयोजनों में शामिल हो मैंने सभी की सुख समृद्धि की कामना की है।

## निगम भिलाई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राज्य स्थापना दिवस



**भिलाई, 3 नवंबर।** नगर निगम भिलाई में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के द्वारा आदेशित किया गया था कि राज्य स्थापना दिवस दीपोत्सव के माध्यम से मनाया जावे। आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि हमारे छत्तीसगढ़ हमारे लिए बड़े खुशी की बात है कि हमारा राज्य 1 नवंबर को हम सब लोग राज्य का स्थापना दिवस मना रहे हैं इसी खुशी में नगर नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में सुंदर लाइटिंग किया जाए। दीपोत्सव के माध्यम से दीप प्रज्वलित किए जाएं। 1 नवंबर को संध्या 6:00 बजे निगम के मुख्य कार्यालय में सब एकत्रित हुए। दीपक सजाया गया। निगम भिलाई के जनप्रतिनिधि वरिष्ठ पार्षद एवं अध्यक्ष महेश वर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा बड़े गर्व की बात है। आज हम सब लोग स्थापना दिवस मना रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का हम सब बहुत आभारी हैं जो छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के सूत्रधार रहे। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति के मार्ग पर चले। पार्षद विनोद सिंह, संतोष मौर्या अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, हेमंत माझी, वीरेंद्र बंजारे, आजीविका मिशन के मैनेजर अमन पटले, एवं महिला वर्ग से आजीविका मिशन के सीईओ को एवं सहायिका उपस्थिति रही। सभी लोगों ने दीपक जलाया, राजकीय गीत अरपा पैरी का धार गया। खुशी स्वरूप अंत में उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित किया गया।

### साजा में धूमधाम से मनाया गया भाई दूज पर्व



**साजा, 3 नवंबर।** अचलविला निवास पर सुबह सुबह सौम्या जैन में अपने भाइयों सम्यक जैन हार्दिक जैन रोमील जैन की आरती कर तिलक लगा कर मिठाई खिलाई और भाई दूज का त्यौहार मनाया ओर दादी कस्तूरी देवी जैन पापा मम्मी संजय जैन ज्योति जैन चाची वर्षा जैन उपस्थित रहे ।

### मेरा सपना है जज बनना: रोमील जैन




**साजा, 3 नवंबर।** सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ ने रोमील जैन से सवाल किया की आपका सपना क्या है इस सवाल पर रोमील जैन ने कहा की मेरा सपना है जज बनना । उनके पापा मिथुन जैन ने कहा की अच्छे से बच्चों की पढ़ाई पर उनकी माता वर्षा जैन पूरा ध्यान देती है और क्लास में अच्छे रैंक लाकर भी उत्तीर्ण होता है । एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में क्लास पांचवीं में पढ़ाई कर रहा है ।

# राज्य स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर

## 4 से 6 नवम्बर तक नया रायपुर में राज्योत्सव का भव्य आयोजन, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

- 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्य अलंकरण एवं समापन समारोह में शामिल होंगे
- ख्याति प्राप्त कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति
- शासकीय विभागों की लगाई जाएगी विकास प्रदर्शनी
- शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार रहेगा आकर्षण का केन्द्र





**रायपुर, 3 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी है। तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव स्थल, नया रायपुर अटल नगर में होगा। राज्योत्सव स्थल में मुख्य मंच से लेकर पूरे परिसर की साज-सज्जा का काम तेजी से कराया जा रहा है। शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाने की तैयारी में जुटे हैं।

राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन 4 नवम्बर को संध्या 6 बजे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 5 नवम्बर को राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे।

राज्योत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं टंकराम वर्मा, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 4 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 4.30 बजे से होगी। बालीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतुन मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति रात्रि 7.45 बजे से होगी। इससे पूर्व रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की झलकियां, मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह 5 नवम्बर को राज्योत्सव में संध्या 5 बजे से पुरानिक साहू द्वारा सांस्कृतिक लहर गंगा, सुरेन्द्र साहू, भोला यादव एवं साथियों द्वारा लोक धुन, मोहन नायडू एवं साथियों द्वारा द मून लाईट रागा, राजेश अवस्थी, सुश्री आरू साहू एवं सुश्री नीति मोहन की प्रस्तुति होगी। 6 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाईट, मनोज प्रसाद द्वारा इंडियाज गॉट टैलेंट मल्लखंभ, सवि श्रीवास्तव द्वारा जादू बस्तर एवं पवनदीप एवं अरूनिता के पार्श्व गायन की प्रस्तुति होगी।

राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहां शिल्प ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। हैंगर-चार में पब्लिक सेक्टर के संस्थानों की प्रदर्शनी लगेगी। राज्योत्सव में शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे।

**एक नजर**

### दिसम्बर-24 में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**रायपुर, 3 नवम्बर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र JIA Website (www.joinindian-army.nic.in) और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

### फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' का ट्रेलर जारी



**रायपुर, 3 नवम्बर।** कुब्रा सैत जल्द रिलीज़ होने वाली फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली हैं। फिल्म में उनका किरदार कहानी को गहराई देता है। आज लॉन्च किए गए ट्रेलर में फिल्म की परतदार कहानी और कुब्रा के अभिनय की झलक मिलती है, जिससे इस मजेदार रोमांटिक कॉमेडी के प्रति दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। यह फिल्म वित्त और रोमांस के अध्यायों को एक दिल छू लेने वाली कहानी में प्रस्तुत करती है। जियो स्टूडियोज, ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा, हर्मन बावेजा और विक्की बाहरी द्वारा निर्मित और डेनिश असलम द्वारा निर्देशित 'ख्वाबों का झमेला' प्यार, अंतरंगता और आत्म-खोज पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का वादा करती है। इस फिल्म में कुब्रा सैत, प्रतीक बब्बर और सयानी गुप्ता मुख्य भूमिका में हैं और यह फिल्म एक मजेदार रोलरकोस्टर की सवारी का अनुभव कराएगी। इसका प्रीमियर 8 नवंबर को जियोसिनेमा पर होगा।

### डिजिटल भुगतान में लीडरशिप पोजीशन को किया और मजबूत

**रायपुर, 3 नवम्बर।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने भारत में अग्रणी यूपीआई पेयर पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर (पीएसपी) बैंक के रूप में अपनी उपलब्धि की घोषणा की है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2024 तक, एक्सिस बैंक के पास यूपीआई पेयर पीएसपी क्षेत्र में 30.87 प्रतिशत की बाजार अग्रणी हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि नवाचार, ग्राहक-केंद्रित समाधानों और रणनीतिक साझेदारी के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े



ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गौरी-गौरा, गोवर्धन पूजा, मातर (भाईदूज) पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के लिए यह गर्व की बात है कि माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी और भगवान श्रीराम हमारे भांजे हैं। दीवाली भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है। श्रीमती राजवाड़े ने दीप पर्व पर सभी की खुशहाली और समृद्धि की कामना की है।

# मुख्यमंत्री साय ने गौशाला में की गौ वंश की पूजा-अर्चना

- गौवंश को गुड़ और खिचड़ी खिलाकर व्यक्त की कृतज्ञता
- मुख्यमंत्री की सहजता ने एक बार फिर सबका मन मोहा



**रायपुर, 3 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज गोवर्धन पूजा के अवसर पर अपने निवास की गौशाला में गौवंश की पूजा-अर्चना की और अपने हाथों से खिचड़ी और गुड़ खिलाया। उन्होंने इस मौके पर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा गौवंश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन दिन है। भगवान श्री कृष्ण और गौ माता से कामना करता हूं कि प्रकृति प्रेम और परोपकार का यह लोक पर्व सभी के लिए सुख समृद्धि व खुशहाली लेकर आए। गौवंश, खेती और जन-जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं। गोवर्धन पूजा गौवंश की पूजा-आराधना के साथ ही गौवंश की सुरक्षा और सेवा का संकल्प लेने का पर्व है। गौवंश की पूजा अर्चना के बाद जब प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया तो मुख्यमंत्री श्री साय ने सबसे पहले गौशाला में गौवंश की सेवा करने वाले गौ सेवक श्री भगवानी यादव को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उन्हें गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री जी की इस सहजता और सरलता ने एक बार फिर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री ने श्री भगवानी द्वारा किए जा रहे गौसेवा के कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों से गौवंश की रक्षा, संवर्धन और संरक्षण के कार्य में भागीदार बनने की अपील की।

# अप्रतिम कौशल के धनी थे तुलसी:मुनि सुधाकर

**रायपुर, 3 नवम्बर।** रायपुर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में आज दिनांक 03/11/2024 कार्तिक शुक्ल द्वितीया को तेरापंथ धर्म संघ के नवम् आचार्य श्री तुलसी के 111 वें जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन किया गया।




मुनिश्री सुधाकर जी ने आचार्य श्री तुलसी के आध्यात्मिक जगत हेतु प्रेरणादायक जीवन चित्र को उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं के समझ प्रदर्शित करने का प्रयास किया। मुनिश्री ने कहा कि तुलसी विरोध में भी विनोद को देखते थे। उनकी इसी प्रतिभा के कारण अन्य जैनोत्तर भी उनके प्रशंसक थे। वें नारियल की तरह कठोर तो फुल से भी कोमल हृदय वाले थे। मुनिश्री ने उनकी पांच कौशल प्रतिभा - आध्यात्म, नेतृत्व, साहस, समयज्ञ और शिक्षा को अनेक उदाहरण से समझाते हुए उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को बोधित किया। आचार्य तुलसी ने तेरापंथ धर्मसंघ को अनेक अवदान दिये। आचार्य तुलसी ने तेरापंथ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। वें नीज पर शासन फिर अनुशासन के पक्षधर थे, जिसका उदाहरण उन्होंने आचार्य पद में रहते हुए आचार्य पद का विसर्जन कर मानव समाज को विसर्जन की भूमिका का प्रस्तुतीकरण दिया।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने छग में दो नए आउटलेट खोले, डोंगरगांव और पीठोरा में

**रायपुर, 3 नवमबर।** डोंगरगांव और पीठोरा में दो नए बैंकिंग आउटलेट खोले, जिससे देश में कुल 983 और छत्तीसगढ़ में 23 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं। उत्कर्ष स्मॉल फइनेंस बैंक लिमिटेड अपने बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार कर रहा है, जिसमें छ्रूल मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग लोन शामिल हैं, ताकि कम आय वाले व्यक्तियों को जो वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच रखते हैं, सहायता मिल सके। स्थानीय निवासियों और उद्यमियों के लिए वित्तीय बचत, विस्तार और निवेश में मदद करने वाले विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश की जाती है। रायपुर, छत्तीसगढ़ः उत्कर्ष स्मॉल फइनेंस बैंक लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में डोंगरगांव (राजनांदगांव) और पीठोरा (महासमुंद) में दो नए बैंकिंग आउटलेट खोलने की घोषणा की है।

# मुख्यमंत्री साय ने किया बस्तर ओलम्पिक के प्रतीक चिन्ह और शुभंकर का अनावरण



**रायपुर, 3 नवमबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर ओलम्पिक 2024 के लोगो (प्रतीक चिन्ह) और मस्कट (शुभंकर) का अनावरण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलम्पिक की तैयारियों की समीक्षा भी की। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है।ृह विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजन किया जा रहा है। संभाग स्तरीय विजेता होंगे बस्तर के यूथ आइकॉन नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए भी खेल स्पर्धाएं होंगी आयोजित अब तक 1 लाख 65 हजार से अधिक युवा प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया है।

# दिवाली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने बोनस राशि का वितरण कर किसानों को दिया तोहफा

## किसानों ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

**कवर्धा, 3 अक्टूबर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने दीपावली मिलन समारोह के दौरान गन्ना किसानों को बोनस राशि का चेक वितरित किया, जिससे किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया।

बोनस राशि की यह पहल राज्य सरकार की ओर से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और उनके जीवन में समृद्धि लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गन्ना किसानों ने दीपावली से पहले बोनस राशि मिलने पर छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि बोनस राशि से उनकी दीपावली की खुशियां दोगुनी हो गई हैं, और अपने परिवार के साथ उत्सव को और अधिक उल्लास के साथ मना पाएं है। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार हमेशा किसानों के हितों के प्रति सजग और समर्पित है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और उनकी प्रगति से ही हमारा राज्य सशक्त बनेगा। इस बोनस राशि के माध्यम से हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं और भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। समारोह में गन्ना किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। उपमुख्यमंत्री ने सभी किसानों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, श्री अनिल ठाकुरश्री कैलाश चंद्रवंशी, श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्री मनीराम साहू, श्री बीरेन्द्र साहू, श्री रामकृष्ण साहू, किसान संघ से श्री सुरेश चंद्रवंशी, डोमन चंद्रवंशी, जीवन यादव, दिनेश चंद्रवंशी, ओपी चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, पंकज वर्मा सहित समस्त किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### श्री सीमंधर जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी के दीपावली पश्चात विवेक दीपिका डागा परिवार ने मंगल पट्ट खोले सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किये प्रथम दर्शन

# निर्वाण लड्डू चढ़ाया व किया गौतम रास का वाचन

**रायपुर, 3 नवंबर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में दीपावली पर्व, भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण व प्रथम गणधर गौतम स्वामी के कैवल्य कल्याणक पश्चात प्रातः 5 . 30 बजे विवेक दीपिका यश हर्ष वीर डागा परिवार ने मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी के मंगल पट्ट खोलकर सैकड़ों श्रद्धालुओं को दर्शन कराए। इसके पश्चात महावीर स्वामी, सीमंधर स्वामी, गौतम स्वामी व दादागुरुदेव को लड्डू चढ़ाया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि सकल श्रीसंघ द्वारा विधिकारक अरविन्द गोलछा के साथ चैत्यवंदन की क्रिया की गई। निर्वाण व कैवल्य कल्याणक का लड्डू चढ़ाया गया। शुभ आशीर्वाद प्रदाता प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत जिन मणिप्रभ सूरीश्वरजी म सा के आशीर्वाद से विधिकारक अरविन्द गोलछा ने गौतम रास का श्रवण धर्मसभा को कराया। निर्वाण एवं कैवल्य कल्याणक लड्डू चढ़ाने के लाभार्थी शासननायक महावीर स्वामी राजेश करुणा सिंघी, अरिहंत हाईट्स, मूलनायक सीमंधर स्वामी जीवनलाल डॉ योगेश नयन खुशी बंगानी परिवार गौतम स्वामी संतोष सरला बैद परिवार, दादागुरुदेव एवं पद्मावती देवी के लड्डू चढ़ाने के लाभार्थी पूनमचंद मोतीचंद गोलछा परिवार फ्लोदी रायपुर हैं। चैत्यवंदन के बाद सीमंधर स्वामी व दादा गुरुदेव की आरती व मंगलदीपक किया गया। आरती के लाभार्थी विवेक दीपिका डागा व राजेश करुणा सिंघी परिवार ने सामुहिक आरती की, कार्यक्रम पश्चात लाभार्थी परिवारों द्वारा नवकारसी रखी गई थी।



# राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर किया जायेगा दीप प्रज्जवलन

**गरियाबंद, 3 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को प्रदेश भर में उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। राज्य निर्माण के दिवस को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाने के लिए राज्य के जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्जवलन किया जायेगा। गरियाबदं जिले में भी उत्साह के साथ राज्य स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिलेवासियों से राज्य स्थापना दिवस के दिन अपने घरों में दीप प्रज्जवलन करने की अपील की है। उन्होंने अपने घरों में दीप जलाकर राज्य निर्माण की खुशी और उमंग को अपने आस-पास के लोगों में साझा करने की भी अपील की है।दरअसल 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ नये राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। नये राज्य बनने के पश्चात प्रदेश की प्रगति और उन्नति में बढ़ोतरी हुई तथा लोगों को विकास का बेहतर अवसर प्राप्त हुआ। इस दिन को याद करने के लिए प्रतिवर्ष 1 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।इसी के मद्देनजर 1 नवम्बर को अपने घरों में दीप जलाकर राज्य बनने की खुशियां बांटने की अपील आमजनों से की।

### बृजमोहन होंगे जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि

छत्तीसगढ़ राज्य के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव 2024 का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम 5 नवम्बर को गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा।जिला स्तरीय राज्योत्सव में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के आसंदी से 5 नवम्बर की संध्या राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे।एक दिवसीय राज्योत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा।

## ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेडः OOH नवाचार और विकास का उजाला

ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड ने भारत की आउट-ऑफ-होम (OOH) विज्ञापन इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई है। डॉ. योगेश लखानी के नेतृत्व में कंपनी ने न केवल OOH विज्ञापन में अपनी पहचान बनाई है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और स्थायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई है। वेस्टर्न रेलवे OOH विज्ञापन टेंडरः ब्राइट आउटडोर मीडिया ने 11 प्रमुख साइटें हासिल की हैं, जिनमें चार



अत्याधुनिक LED डिस्प्ले और सात उच्च यातायात क्षेत्रों में स्थिर होर्डिंग शामिल हैं। नवी मुंबई मेट्रो लाइन 1 पर विशेष विज्ञापन अधिकारः कंपनी ने पूरे मेट्रो लाइन 1 में विशेष विज्ञापन अधिकार प्राप्त किए हैं, जिससे 85,000 वर्ग फुट से अधिक का विज्ञापन क्षेत्र कवर होता है। पर्यावरणीय योगदानः मुंबई में एक ही होर्डिंग पर सबसे अधिक सोलर पैनल लगाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया, जो हरित ऊर्जा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रणनीतिक साझेदारीः अन्य उद्योग के नेताओं के साथ साझेदारी ने ब्राइट आउटडोर मीडिया को अपनी पहुंच बढ़ाने और नेटवर्क को मजबूत करने में मदद की है।

## कृति खरबंदा ने शादी में ज़रूर आना से लेकर हाउसफुल 4 तक में अपने शानदार अभिनय से जीता दिल

कृति खरबंदा आज अपना जन्मदिन मना रही हैं, उनके जन्मदिन के खास मौके पर उनके बेहतरीन किरदारों पर नज़र डालते हैं जिन्होंने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। रोमांटिक ड्रामा से लेकर कॉमेडी ब्लॉकबस्टर तक, कृति ने अपने अभिनय से हर शैली में अपनी छाप



छोड़ी है। यहां उनकी पांच शानदार प्रस्तुतियाँ हैं, जिन्होंने हमारा दिल जीत लियाः इस रोमांटिक ड्रामा में कृति ने आरती का किरदार निभाया, जो सामाजिक अपेक्षाओं और व्यक्तिगत संघर्षों से जूझती एक महत्वाकांक्षी और आत्मनिर्भर महिला है। राजकुमार राव के साथ उनकी जोड़ी और आरती का किरदार, दर्शकों के दिलों को छू गया। इस फिल्म में उन्होंने अपने किरदार में गहराई और भावनात्मक रंग भर कर अपने अभिनय कौशल को दिखाया। तैश में आरफा खान के किरदार में कृति ने अपनी अभिनय क्षमता की सीमा को प्र र्दशत किया। परिवार और बदले की भावना में उलझी आरफा के किरदार को उन्होंने अपने प्रभावशाली और सूक्ष्म अभिनय के माध्यम से जीवंत बना दिया। यह फिल्म कृति के लिए खास है क्योंकि इसका रिलीज़ दिन भी उनके जन्मदिन पर ही है।

दिल छू लेने वाली फिल्म कारवां में कृति ने रुमाना सलीम के

## निकिता दत्ता ने परिवार और प्रियजनों के साथ प्री-दिवाली उत्सव का आनंद लिया

अभिनेत्री निकिता दत्ता, जिन्हें 'कबीर सिंह' और 'द बिग बुल' जैसी फिल्मों में उनके शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है और हाल ही



में रिलीज हुई 'घरात गणपति' में नजर आईं, ने अपने परिवार के साथ दिल को छू लेने वाला प्री-दिवाली ब्रेक लिया और इस त्योहार की एकता और अपनत्व की भावना को अपनाया। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच, निकिता ने अपने परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताने के लिए कुछ पल निकाले, जहाँ उन्होंने दिवाली की तैयारियों में एक शांत वातावरण का आनंद लिया, दूर शहर की भीड़भाड़ से। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उन्होंने अपने परिवार के साथ मस्ती के कुछ लम्हों की झलक दी और दर्शकों को उनके इस खूबसूरत समय का हिस्सा बनाया। निकिता ने शांत और सुरम्य दृश्यों, लाइव म्यूजिक, शॉपिंग और प्रकृति के बीच अपने प्रियजनों के साथ बिताए गए छोटे-छोटे आनंद के पलों की झलकियां साझा कीं। उनके लिए, यह प्री-दिवाली उत्सव कृतज्ञता, संबंध और पारिवारिक एकता की खुशी को व्यक्त करने का एक तरीका था।

## 'नाम' का एक बेहतरीन और विशाल मोशन पोस्टर रिलीज

अजय देवगन और अनीस बज्मी की 'नाम' की मेगा घोषणा ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। प्रशंसक और दर्शक इस रोमांचक फिल्म में अजय देवगन के सबसे बड़े अवतार को देखने के लिए उत्सुक हैं। यह फिल्म 'हलचल' (1995), 'प्यार तो होना ही था' (1998) और 'दीवानगी' (2002) के बाद अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी के बीच चौथा सहयोग है। जब से यह घोषणा की गई है कि यह एक्शन थ्रिलर 22 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब से दर्शकों ने फिल्म की एक झलक पाने की मांग की है। इस उत्साह को ध्यान में रखते हुए, निर्माताओं ने इस बड़े पर्दे पर आने वाली फिल्म का एक बेहतरीन और विशाल मोशन पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में अजय देवगन का बंदूक थामे तीव्र अवतार दिखाया गया है और यह इस कर्मिशयल फिल्म के लिए सही मूड सेट करता है। पोस्टर ने फिल्म की रिलीज के लिए मंच तैयार कर दिया है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि निर्माताओं ने सभी के लिए और क्या आश्चर्य तैयार किया है। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित और स्नीगधा मूवीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से रूंगटा एंटरटेनमेंट के तहत अनिल रूंगटा द्वारा िर्नमत, ₹नाम₹ अजय देवगन के प्रशंसकों और दर्शकों के लिए एक सिनेमाई तमाशा होने का वादा करता है। इस फिल्म का संगीत हिमेश रेशमिया और साजिद-वाजिद ने तैयार किया है।

## कुब्रा सैत एक बार फिर अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार


कुब्रा सैत जल्द रिलीज़ होने वाली फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली हैं। फिल्म में उनका किरदार कहानी को गहराई देता है। आज लॉन्च किए गए ट्रेलर में फिल्म की परतदार कहानी और कुब्रा के अभिनय की झलक मिलती



है, जिससे इस मजेदार रोमांटिक कॉमेडी के प्रति दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। यह फिल्म वित्त और रोमांस के अध्यायों को एक दिल छू लेने वाली कहानी में प्रस्तुत करती है। जियो स्टूडियोज, ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा, हर्मन बावेजा और विक्की बाहरी द्वारा निर्मित और डेनिश असलम द्वारा निर्देशित 'ख्वाबों का झमेला' प्यार, अंतरंगता और आत्म-खोज पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का वादा करती है। इस फिल्म में कुब्रा सैत, प्रतीक बब्बर और सयानी गुप्ता मुख्य भूमिका में हैं और यह फिल्म एक मजेदार रोलरकोस्टर की सवारी का अनुभव कराएगी। इसका प्रीमियर 8 नवंबर को जियोसिनेमा पर होगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो कुब्रा सैत जल्द ही 'सन ऑफ सरदार 2' में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा, डेविड धवन की अनटाइटल्ड कॉमेडी एंटरटेनर में भी वह वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े और मनीष पॉल के साथ दिखाई देंगी।

## सूबेदार की शूटिंग शुरू, अनिल कपूर और राधिका मदान मुख्य भूमिकाओं में

बहुप्रतीक्षित मसाला एक्शन-ड्रामा सूबेदार की शूटिंग आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है, जिसमें दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर और प्रतिभाशाली राधिका मदान मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन प्रशंसित निर्देशक सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं। ₹सूबेदार₹ में राधिका मदान अनिल कपूर के किरदार, सूबेदार अर्जुन मौर्य की बेटी श्यामा की महत्वपूर्ण भूमिका



निभा रही हैं। अपने विविध अभिनय कौशल के लिए जानी जाने वाली राधिका इस महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी, जिसमें वह अर्जुन मौर्य की दृढ़ निश्चयी और साहसी बेटी श्यामा का किरदार निभा रही हैं। यह पिता-पुत्री की जोड़ी फिल्म की कहानी को भावनात्मक गहराई प्रदान करने की उम्मीद करती है। राधिका मदान, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से बार-बार प्रभावित किया है, एक ऐसी प्रमुख भूमिका में हैं जो उनके अभिनय की गहराई और सीमा को उजागर करती है। श्यामा के रूप में, वह एक मजबूत और भावनात्मक रूप से गूंजती हुई भूमिका को जीवंत बनाती हैं, जिससे फिल्म की कहानी को एक शक्तिशाली आयाम मिलता है। ₹सूबेदार₹ का निर्माण ओपनिंग इमेज फिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क (AKFCN) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है.

## पीपल मीडिया फैक्ट्री की 46वीं फिल्म राणामंडला अदोनी में लॉन्च

पीपल मीडिया फैक्ट्री की 46वीं फिल्म "राणामंडला" का शुभारंभ अदोनी के पवित्र राणामंडला अंजनेया मंदिर में वैदिक मंत्रों और आशीर्वादों के बीच किया गया। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शुरुआत करते हुए फिल्म के शीर्षक और फर्स्ट लुक का अनावरण किया गया। गुणवत्तापूर्ण फिल्म निर्माण के लिए प्रसिद्ध निर्माता टीजी विश्व प्रसाद ने अपने गृह नगर अदोनी में राणामंडला लॉन्च करने को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, ₹मैं हमेशा से अदोनी की सुंदरता और इसकी फिल्म निर्माण क्षमता को दर्शाना चाहता था। यह




प्रोजेक्ट मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। राणामंडला एक्शन, भावनाओं और पौराणिक कथाओं से भरपूर एक अनोखी कहानी वाली फिल्म होगी, जो मंदिर के महत्व से प्रेरित है। इस फिल्म की स्क्रिप्ट 2022 से तैयार है और इसे अखिल भारतीय दर्शकों को ध्यान में रखकर बारीकी से बनाया गया है। एक साहसी कदम उठाते हुए, पूरी फिल्म अदोनी और उसके आसपास के क्षेत्रों में शूट की जाएगी, जिससे इस क्षेत्र की अनछुई फिल्म निर्माण क्षमता का प्रदर्शन होगा। गौरतलब है कि पीपल मीडिया फैक्ट्री अपनी 47वीं फिल्म भी अदोनी में लॉन्च करेगी, जिससे इस प्रोडक्शन हाउस के लिए यह दोहरा जश्न बन गया है।

## कशिका कपूर से लें लुक की प्रेरणा

दिवाली 2024: Gen-Z होकर क्या आप भी सोच रहे है कैसे करे किलर ड्रेसिंग, कोई नहीं!! लीजिये अभिनेत्री काशिका कपूर से ३ स्टाइलिंग टिप्स इस दिवाली और दिखये सबसे कातिलाना दिवाली करीब आ रही है, और यह समय है पारंपरिक स्टाइल में एक आधुनिक ट्विस्ट जोड़ने का। बॉलीवुड की जेन-ज़ी स्टार



कशिका कपूर से बेहतर कौन हो सकता है प्रेरणा लेने के लिए? अपनी खूबसूरत लुक्स और स्टाइल के साथ, कशिका न केवल फिल्मों में बल्कि फैशन में भी धूम मचा रही हैं। यदि आप दिवाली ब्रंच या फैमिली गेट-टुगेदर की योजना बना रहे हैं, तो यहां तीन कशिका-प्रेरित आउटफिट्स हैं जो आरामदायक, स्टाइलिश और लम्बे समय तक जश्न मनाने के लिए परफेक्ट हैं। ब्लेज़र हमेशा आपको खास लुक देते हैं, और दिवाली पर नए स्टाइल्स आजमाना शानदार रहेगा। इस लुक में कशिका ने एक ओवरसाइज़्ड फ्यूज़न प्रिंट ब्लेजर, सिल्क फ्लेयर पैंट्स और सी ग्रीन स्ट्रैपलेस कॉर्सेट टॉप पहना है। उन्होंने इस लुक को पिंक स्मज्ड आईलिड्स, नेचुरल लिप्स और हल्के ब्लश से पूरा किया है। साथ ही, उन्होंने बालों को लो पोनीटेल में बांधा और सुंदर पर्ल ड्रॉप इयररिंग्स और ब्रैसलेट से सजाया। ट्रांसपेरेंट हील्स लुक में आराम जोड़ते हैं।

## सेट पर काम करते हुए दिवाली और नये साल की शुरुवात करेगी अभिनेत्री डेलबर आर्या

पॉलिवुड इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्री डेलबर आर्या अपने शानदार लुक्स और बेहतरीन परफॉर्मेंस से दर्शकों को हमेशा चौंका देते हैं। दिवाली का त्योहार हमारे दिलों में एक खास जगह रखता है और हम इसे अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ मनाते हैं, लेकिन इस साल



डेलबर के लिए यह त्यौहार बहुत अलग होने वाला है। घर और अपने प्रियजनों से दूर, डेलबर एक नए म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के जरिए दिवाली और नया साल मनाने वाली हैं। परिवार की दिवाली की परंपराओं को मिस करते हुए, डेलबर नए तरीके से शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। डेलबर कहती हैं, ₹दिवाली मेरा पसंदीदा त्योहार है और हर साल मैं अपने घर को सजाती हूँ और दीये जलाती हूँ। दिवाली पार्टीज में जाती हूँ और अपने दोस्तों के लिए ब्रंच भी होस्ट करती हूँ। लेकिन इस साल का जश्न थोड़ा अलग होगा, क्योंकि मैं इसे सेट पर अपने 'रील' लोगों के साथ मनाऊंगी, जिसमें मेरे निर्देशक, स्पॉट दादा और पूरी टीम शामिल होगी। घर से दूर होते हुए भी सेट पर मुझे घर जैसा माहौल मिलेगा। मुझे खुशी है कि मैं वो कर रही हूँ जो मुझे पसंद है, और त्योहार के दौरान काम करना इसे और खास बना देता है और बहुत प्रेरित करता है।" डेलबर के लिए इस समय का मतलब नई उम्मीदें और महत्वाकांक्षाएं भी हैं, क्योंकि वह ऐसे साल की तरफ देख रही हैं जिसमें बहुत सारे मौके हों। वह कहती हैं, ₹मैं बहुत उत्साहित हूँ कि नए साल की शुरुआत सेट पर कर रही हूँ, अपनी एनर्जी और पैशन के साथ इस नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने जा रही हूँ। मुझे उम्मीद है कि इस काम से भरी हुई शुरुआत पूरे साल चलेगी—मुझे इससे ज्यादा और कुछ नहीं चाहिए कि मैं पूरे साल काम करती रहूँ! मैं अपने सभी प्रियजनों को एक शानदार, खुशहाल और उजाले से भरी दिवाली की शुभकामनाएं देती हूँ। ढेर सारी मिठाई खाएं और सुरक्षित और गर्माहट भरी दिवाली मनाएं। सबको मेरी तरफ से हैप्पी दिवाली!₹ अपने काम के प्रति डेलबर की लगन और प्यार इस साल को प्रेरणादायक बना रहे हैं। हो सकता है इस बार की दिवाली डेलबर आर्या के लिए थोड़ी अलग हो, लेकिन ये साफ है कि वो अपने तरीके से अपने रास्ते को रोशन कर रही हैं।

## कशिका कपूर टॉलीवुड डेब्यू कर रही

बॉलीवुड डेब्यू के बाद, 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' की अभिनेत्री कशिका कपूर टॉलीवुड इंडस्ट्री में 'लव यू फादर' के साथ कदम रखने जा रही हैं। यह फिल्म 'पुष्पाः द राइज' के सह-निर्देशक पवन केथाराजु द्वारा निर्देशित है। कशिका कपूर अब दोनों इंडस्ट्रीज़ में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं और वह इस समय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की सबसे होनहार उभरती सितारों में से एक के रूप में पहचानी जा रही हैं। 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास', जो लड़कियों की शिक्षा के संदेश पर आधारित है, से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद, कशिका अब अपनी नई फिल्म 'लव यू फादर' के साथ टॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने के




लिए तैयार हैं। 'लव यू फादर' एक भावनात्मक कहानी है जो एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते को दर्शाती है। इस फिल्म में कशिका मुख्य भूमिका में होंगी, और उनके साथ श्री हर्षा मुख्य पुरुष किरदार निभा रहे हैं। इसके अलावा, नवाब शाह, जिन्हें 'डॉन 2' और 'दिलवाले' में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। नवाब शाह की उपस्थिति इस प्रोजेक्ट को और भी प्रभावशाली बनाती है। फिल्म की कहानी एक पिता-पुत्र की जोड़ी पर आधारित है, जहां एक पिता अपने बेटे के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की कोशिश करता है। यह पूरी कहानी काशी की पृष्ठभूमि में घटित होती है और इसमें शिवा के आदर्श को प्रस्तुत करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है। फिल्म में एस.पी. चरण, रघु बाबू, शकलाका शंकर और अर्जुन श्रीवास्तव जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कशिका ने कहा, ₹हर दिन ऐसा महसूस होता है जैसे मैं अपने सपनों की ओर एक नई सीढ़ी चढ़ रही हूं। दोनों फिल्में मेरे दिल के बहुत करीब हैं और मैं इन प्रोजेक्ट्स में डाली गई मेहनत और समर्पण को दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। 'लव यू फादर' के साथ एक नई इंडस्ट्री में कदम रखना और पिता-पुत्र के खूबसूरत रिश्ते को दर्शाने वाली इस कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। मुझे यकीन है कि दर्शक इस फिल्म से व्यक्तिगत रूप से जुड़ेंगे।

'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' जहां लड़कियों की शिक्षा के मजबूत संदेश पर केंद्रित है, वहीं 'लव यू फादर' पारिवारिक रिश्तों की भावनाओं को गहराई से दिखाने वाली फिल्म है। कशिका कपूर अपनी भूमिकाओं की विविधता और प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स के चयन के माध्यम से यह साबित कर रही हैं कि वह केवल एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक मजबूत अभिनेत्री हैं। हम बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कशिका दर्शकों के लिए और क्या खास लेकर आ रही हैं।

## अपनी फिल्म के प्रीमियर से पहले अक्षय कुमार ने कहा, टाइगर असल जिंदगी में मेरे से छोटे हैं

बॉलीवुड के पावरहाउस अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी धमाकेदार एक्शन कॉमेडी, बड़े मियां छोटे मियां से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का प्रीमियर सोनी मैक्स पर होगा। टाइगर



मेरे छोटे भाई की तरह हैं। हम तुरंत कनेक्ट हो गए, और हमारी दोस्ती कमाल की है। हमने कई घंटे साथ बिताए। इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करने से लेकर वॉलीबॉल और लूडो जैसे गेम खेलना शामिल था। वह पूरी तरह से पेशेवर हैं। मैंने उससे बहुत कुछ सीखा है। अगर मैं ईमानदारी से कहूँ तो मैं टाइगर के साथ शूटिंग मिस करने वाला हूं। वह असल जिंदगी में मेरे छोटे हैं। सोनी मैक्स पर प्रीमियर से पहले अक्षय कुमार ने टाइगर श्रॉफ के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। बड़े मियाँ छोटे मियाँ क्लासिक फ़िल्म का आधुनिक रूप है, जिसमें रोमांचकारी कहानी, शानदार दृश्य और दमदार एक्शन सीक्वेंस हैं। फिल्म दो पूर्व सैनिकों की कहानी है जो दुनिया को एक बड़े खतरे से बचाने के लिए सेना में शामिल होते हैं। बड़े मियाँ छोटे मियाँ एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा का एक बेहतरीन मिश्रण है। यह हर उम्र के दर्शकों का मनोरंजन करने का वादा करती है।

## अवनीत कौर ने स्टायलिश लेदर आउटफिट में स्विमिंग पूल के किनारे दिए किलर पोज

अवनीत कौर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ ऐसी तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिनसे सोशल मीडिया का तापमान काफी बढ़ गया है. अवनीत ने ग्रीन लेदर आउटफिट में स्विमिंग पूल के किनारे किलर पोज देते हुए तस्वीरें खिंचवाई हैं. उनकी स्टाइलिश ड्रेस, हल्का मेकअप, बड़े ईयररिंग्स, ब्रेसलेट और खास अंदाज में बंधे हुए बाल उनके लुक को और भी ग्लैमरस बना रहे हैं. इन तस्वीरों में अवनीत ने अपने स्टाइलिश लुक से फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. उनके इस लेदर आउटफिट ने सोशल मीडिया पर हॉटनेस का जलवा बिखेर दिया है, और फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं.

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो उनका हर एक लुक पर लोग अपना दिल हार जाते हैं और साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।


बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं।

अवनीत कौर को घूमना-फिरना बेहद पसंद है। उनका इंस्टाग्राम इस बात का सबूत है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। अवनीत का यह स्टाइलिश और बोल्ड अवतार इंस्टाग्राम पर वायरल हो चुका है, जिसमें उनकी बेहतरीन पोज़िंग स्किल्स भी नजर आ रही हैं.

## पिता की फिल्म के सुपरहिट होने के बाद श्रेया पिलगांवकर ने 'नवरा माज़ा नवसाचा 2' की सक्सेस पार्टी का आयोजन किया

अपने पिता की हालिया ब्लॉकबस्टर, नवरा माज़ा नवसाचा 2 की बड़ी सफलता का जश्न मनाते हुए, श्रेया पिलगांवकर ने कल रात मुंबई में एक शानदार सक्सेस पार्टी का आयोजन किया। यह फिल्म, मूल नवरा माज़ा नवसाचा की अगली कड़ी है, जिसका निर्देशन और अभिनय दिग्गज अभिनेता सचिन पिलगांवकर ने किया था, यह एक हिट फिल्म बन गई है, जिसने पूरे महाराष्ट्र और उसके बाहर प्रशंसकों और प्रशंसा को आर्किषत किया है। यह कार्यक्रम मुंबई के बांद्रा में एक लोकप्रिय स्थल पर हुआ, जिसमें बॉलीवुड, मराठी सिनेमा की प्रमुख हस्तियों और पिलगांवकर परिवार के करीबी दोस्तों की एक बड़ी संख्या शामिल हुई। मिर्जापुर जैसे शो और फैन जैसी फिल्मों में अपने बहुमुखी अभिनय के लिए जानी जाने वाली श्रेया ने क्लासिक डिजाइनर पोशाक पहनी थी और मेहमानों का गर्मजोशी और गर्व के साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथि सचिन पिलगांवकर को शाम भर हार्दिक बधाई और तालियाँ मिलीं।

कार्यक्रम के दौरान एक मार्मिक क्षण में, श्रेया ने अपना गर्व और खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "यह फिल्म हमारे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से खास है। मेरे पिता के काम को इतने सारे दिलों को छूते देखना एक सपने के सच होने जैसा है। हमने देखा है कि उन्होंने नवरा माज़ा नवसाचा 2 को दर्शकों के लिए एक यादगार फिल्म बनाने में कितनी मेहनत और समर्पण दिखाया है, और यह उत्सव उस प्रयास का सम्मान करने के बारे में है।"कार्यस्थल को फिल्म के पोस्टर और दृश्यों से सजाया गया था, जो फिल्म की जीवंत भावना को उत्सव




में ला रहा था। उपस्थित लोगों ने हंसी, भाषण और नृत्य की एक रात का आनंद लिया, जिसमें सचिन पिलगांवकर ने फिल्म के निर्माण, अपने करियर और अपने प्रशंसकों से मिले प्यार के बारे में किस्से साझा किए। फिल्म के कलाकार, क्रू और कई उद्योग के सहकर्मी इसमें शामिल हुए और सचिन की प्रभावशाली भूमिका और पहली फिल्म के आकर्षण और हास्य को जारी रखने में फिल्म की सफलता की प्रशंसा की। नवरा माज़ा नवसाचा 2 मूल फिल्म की हास्यप्रद और दिल को छू लेने वाली कहानी पर आधारित है, जो हास्य, रोमांस और पारिवारिक मूल्यों के मिश्रण से दर्शकों को आकर्षित करती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सनसनी बन गई है, खासकर मराठी भाषी दर्शकों के बीच, जो क्षेत्रीय सिनेमा में एक मील का पत्थर साबित हुई है। उत्साही माहौल के साथ, श्रेया पिलगांवकर की सफलता की पार्टी उनके पिता की कलात्मकता के लिए एक उपयुक्त सफलता थी और मुंबई फिल्म सर्किट में एक यादगार रात थी। पिलगांवकर परिवार का जश्न उनके बीच के घनिष्ठ संबंध और सिनेमा के प्रति उनके साझा जुनून का प्रमाण है जो पीढ़ियों से दर्शकों को खुशी देता आ रहा है

# आदि शंकराचार्यजी के जीवन को 3 घंटे की फिल्म में समेटना काफी मुश्किल

निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा से लिपिका वर्मा की आदि शंकराचार्य सीरीज के पहले सीजन को लेकर एक्सक्लूसिव बातचीत के प्रमुख अंश पिछले कुछ दशकों में भारत में आदि शंकराचार्य बहुत प्रासंगिक हो गए हैं। आठवीं शताब्दी में सनातन धर्म को संगठित करने वाले आदि शंकराचार्य आख़िर कौन थे इसकी जिज्ञासा नई पीढ़ी में भी देखी जा सकती हैं । इसलिए जब श्री श्री रविशंकर जी की संस्था ने आदि शंकराचार्य पर आधारित वेब सीरीज का ट्रेलर के साथ इसके निर्माण की घोषणा की तो दिलचस्पी बढ़ जाति हैं की आख़िर इस कहानी में ऐसा क्या खास है इस दिवाली पर यह सीरीज आर्ट ऑफ़ लिविंग ऐप पर रिलीज हो रही हैं आइए जानते हैं आदि शंकराचार्य पर आप कोई फीचर फिल्म भी तो बना सकते थे, वेब सीरीज बनाने की क्या जरूरत थी?एक्चुअली, आदि शंकराचार्यजी ने हम लोगों के लिए जितने भी कार्य किये हैं उनको एक 2.5 से 3 घंटे की फिल्ममें समेटना काफी मुश्किल है। उन्होंने जो कार्य किये हैं उसको समझने के लिए उस समयके भारत की सामाजिक राजनैतिक परिस्थितियों को समझना अत्यंत आवश्यक है। और जब हम उनसामाजिक राजनैतिक परिस्थितियों को कहते हैं तो एक लंबा इतिहास खुलता है जिसको एकफिल्म मे समेटना असंभव है। आपने टाइटल रोल के लिए किसको चुना है? अभी हमने टाइटल रोल केलिए किसी को भी कास्ट नहीं किया है क्योंकि फर्स्ट सीजन के 10 एपिसोड और सेकंड सीजन के 4 एपिसोड अभी तक शूट हो चुके हैं और उसमें आदिशंकराचार्य अपने बालक रूप में ही हैं और उनके बालक रूप का किरदार कैथल(हरियाणा) सेआने वाले ऐक्टर अर्णव खानिजों निभा रहे हैं। इसके बाद के एपिसोड्स में आदिशंकराचार्य बड़े हो रहे हैं तो बाकी के एपिसोड्स की शूटिंग शुरू होने से पहले हमडिसाइड कर लेंगे कि आदि शंकराचार्य के युवा रूप में किसे कास्ट करना है। पहले सीजन और दूसरे सीजन में कितने एपिसोड्स होंगे ?पहले सीजन में कुल 10 एपिसोड्स हैं और दूसरे सीजन में भी 10 एपिसोड्स होंगे जिनमे से 4 एपिसोड्स की शूटिंग हम पूरी कर चुके हैं और 6 एपिसोड्स की शूटिंग अभी बाकी है जो हमबदरिकाश्रम और उत्तरकाशी जैसे स्थानों पर करेंगे। आपने अब तक कुल 14 एपिसोड्स शूट कर लिए है। शूटिंग के दौरान आपकोकिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?चुनौतियों की



बात करें तोफिल्म मेकिंग में जो चलेंजेज आते हैं वो हमने भी फेस किया क्योंकि जब आप कोईहिस्टॉरिकल सीरीज बना रहे होते हैं.

तो आपका हिस्टोरिकली करेक्ट होना बहुत जरूरी है,हर कहानी का एक परिवेश होता है उस परिवेश कापरफेक्ट होना बहुत जरूरी है आपकी कास्टिंग अच्छी होनी चाहिए, भाषा शैली की अपनी रिकवायरमेंट्स रहती हैं खासकर तब जबकि हम एक ऐसा प्रोजेक्ट बना रहे हैं जो शुद्ध हिन्दी में है, ऐसे में ऐसे आर्टिस्ट का होना जिनकी भाषा परअच्छी पकड़ हो, और सबसे बड़ी चुनौती है किकास्ट अपने कैरेक्टर में नचुरली फिट होता हो, उसको अपने आप को फोर्स ना करना पड़ रहा हो। तो इस तरीके के डिमांड्स रहती हैं जो पूरा करनापड़ता है। आपने अपना फिल्मीसफर लगभग 32 साल पहले 1992 में 'करंट' फिल्म के साथ शुरू किया था,तब और अब में क्या फर्कदेखते हैं?मुझे नहीं लगता कि उसफिल्म के बाद मुझमें कोई बदलाव आया है क्योंकि फिल्मों को लेकर जितना पैशन पहले थाआज भी उतना ही है। मैं उस समय 20-21 वर्ष का रहाहोगा और मैं आज भी सिनेमा को अपने दिल केनजदीक महसूस करता हूँ जैसे तब करता था। बस यही है कि आज कल टेक्नीक में चेंज आगयाहै यूज करने के तरीके में चेंज आगया है। वो तो बीतते समय के साथ आदमी को अडाप्टकरते रहना पड़ता है और नई चीजें सीखते रहना पड़ता है। फिल्म मैकिंग एक िलंगप्रॉसेस है जो लगातार चलता रहता है। आपने पहले किनडायरेक्टर्स के साथ बतौर असिस्टेंट काम किया है?मैंने तमिल डायरेक्टरहरिहरन जी को असिस्ट किया है, सिनेमॅटोग्राफरडायरेक्टर अशोक कुमार जी के साथ काम किया है, कृष्णा स्वामी जीके साथ काम किया है लेकिन बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर मैंने बहुत लंबे समय तक कामनहीं किया है। 'करंट' फिल्म से मैंने बतौर राइटर काम करना शुरू किया इस फिल्म केडायरेक्टर हरिहरन जी थे। बतौर डायरेक्टर आपकीपहली फिल्म 2004 में 'दिल बेचाराप्यार का मारा' थी लेकिन उसके बाद इतना लंबा गैप क्यूँ रहा?वर्ष 2004 के बाद से ही मैं आदि शंकराचार्य पर फिल्मबनाना चाह रहा था, किसी कारणवश ये नहीं हो पाया लेकिन मैं इस प्रोजेक्ट से अटैच होचुका था तभी से आदि शंकर के बारे में लगातार पढ़ता रहा और रिसर्च करता रहा। इसदौरान मुझे यह एहसास हुआ कि इस सब्जेक्ट का एक सोशल हिस्टॉरिकल ऐस्पेक्ट है जोमेरे सामने आदि शंकराचार्य की एक ऐसी तस्वीर पेश करता है जिसमें दिखाई देता है किकैसे आदि शंकराचार्य जी ने 300 टुकड़ों में बंटेभारतवर्ष को अपनी विचारधारा से एकजुट किया था और आपस में संघर्षरत 72 से अधिक संप्रदायों को अपनी फ़लॉसफ़ी के साथ मर्ज किया था और इस प्रकार की व्यवस्था बनायी कि अगले 200 वर्ष तक भारतपर कोई अटैक नहीं कर सका था। उस पूरे रिसर्च के बाद जब इतना विस्तृत सब्जेक्टदिखायी दिया तो यह मेरा मिशन बन गया कि अब मुझे यह कहानी लोगों के सामने कहनी हीहै । आपने 1992 में 'करंट'फिल्म के साथ एक राइटर के रूप में शुरुवात की और उसके 12 साल के बाद आपने 'दिलबेचारा प्यार का मारा' डायरेक्ट किया था जो कि एक मेन स्ट्रीम फिल्म थी







# गोवर्धन पूजा पर टेकनार गौशाला पहुंच विधायक चैतराम ने की गऊ माता की पूजा,खिलाई खिचड़ी व हरी घास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 03 नवंबर।** गौ संवर्धन केन्द्र एवं गौशाला टेकनार में जिसे जिला प्रशासन दन्तेवाड़ा द्वारा गायत्री परिवार ट्रस्ट दन्तेवाड़ा को संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ गोवर्धन पूजा पूरी विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में दन्तेवाड़ा क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्षा श्रीमती सुनीता भास्कर, उपाध्यक्ष जयदयाल नागेश, जनपद सदस्य सुरेन्द्र भास्कर नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी एवं गौशाला अध्यक्ष डी आर बघेल, सहायक अध्यक्ष नीलम सिंह ठाकुर, ट्रस्टी त्रिपुरारी सिंह मंडावी, ट्रस्टी गुरु बन्धु सिन्हा, परिव्राजक सहदेव मंडावी, गम्मूलाल यादव श्रीमती चम्पा साहू, सुश्री खेमिन साहू आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह पवित्र कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस अवसर पर विधायक श्री अटामी द्वारा गौशाला परिसर में एक पारिजात वृक्ष एवं एक हरसिंगार का वृक्षारोपण किया गया। यज्ञादि कार्य क्रम के पश्चात गौमाताओं को बहुत ही सुन्दर, खिचड़ी, नेपियर हरीघांस, रोटी, गुड़ खिलाया गया एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं सभी परिजनों को संकल्पित कराया गया कि हम सब अपने अपने घरों में गौमाताओं के लिए पहला निवाला गोग्रास के लिए निकालेंगे साथ ही कुछ भी खाने का सामना पोलिथिन के साथ नहीं देंगे। इस अवसर पर गौशाला टेकनार के अध्यक्ष डी आर बघेल जी विधायक श्री अटामी को गायत्री शक्तिपीठ दन्तेवाड़ा एवं गौशाला टेकनार के लिए आने वाले दिनों में सहयोग देते रहने की कामना की ।

# सड़क,रेलवे एवं वायु सेवा सुचारु करने बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 3 नवंबर।** बस्तर चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जगदलपुर ने पत्र के माध्यम से बुधवार को सड़क, रेलवे एवं वायु सेवा सुविधा युक्त सुचारु करने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापु राम मोहन नायडू को पत्र लिखा गया।

पत्र में कहा गया छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर अंचल जो कि क्षेत्रफल में केरल राज्य से भी बड़ा है एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है अंचल मुख्यालय जगदलपुर से प्रदेश मुख्यालय सहित सीमावर्ती राज्यों की परिवहन सुविधा अव्यवस्थित हो गई है.जिसमें वायु सेवा जगदलपुर से रायपुर एवं रायपुर से जगदलपुर एक मात्र वायु सेवा 28 अक्टूबर से बंद कर दी गई है। रेल सेवा जगदलपुर से रायपुर दुर्ग की एक मात्र यात्री ट्रेन सुविधा पूर्व में ही बंद कर दी गई है। सड़क परिवहन केशकाल घाट का मार्ग जर्जर होने की वजह से सड़क परिवहन सुविधा अव्यवस्थित हो गई है वैकल्पिक मार्ग की दूरी अधिक होने की वजह से ईंधन एवं समय अधिक लग रहा है साथ ही जनता को अतिरिक्त आर्थिक भुगतान करना पड़ रहा है चुंकि बस्तर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने की वजह से समूचे बस्तर की जनता रायपुर,विशाखापट्टनम एवं हैदराबाद पर निर्भर है परंतु सड़क मार्ग की स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मरीज सहित परिवार को भी विषम हालातो से जूझना पड़ रहा है।प्रतिवर्ष विभाग द्वारा मार्ग का मरम्मत कर दिया जाता है जो बारिश उपरांत जर्जर हो जाता है।बस्तर चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी उन्होंने निवेदन किया है कि तत्काल प्रभाव से वायु सेवा पुनः चालू करने एवं रेल को भी अविलंब बहाल करने का किया है।साथ ही केशकाल बाईपास मार्ग को भी शीघ्र पूर्ण करने का निवेदन किया है। पत्र की प्रतिलिपि बस्तर सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव,आयुक्त बस्तर संभाग एवं कलेक्टर बस्तर को भेजी है।

# कन्या विद्यालय के प्राचार्य ने वृद्धाश्रम पहुंच किया वस्त्रदान,खिलाई मिठाई





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 नवंबर।** कहते हैं कि कोई भी त्यौहार व पर्व हो बगैर बुजुर्गो के आर्शीवाद के बिना फलीभूत नहीं होता। इसलिए हिन्दु धर्म में हर त्यौहार पर छोटे हमेशा अपने बड़े बुजुर्गो का आर्शीवाद अवश्य लेते हैं। बुजुर्गो के साथ पर्व मनाने का उत्साह ही कुछ और होता है। दीपावली जैसे खुशियां भरे पर्व पर अपनों से दूर होकर वृद्धाश्रम में अपना बचा खुचा जीवन व्यतीत कर रहे वृद्धों के साथ दीपावली मनाने के लिए परिवार संग वृद्धाश्रम पहुंचे कन्या उमावि के प्राचार्य संजय ठाकुर ने न केवल वृद्ध माताओं के साथ कुछ समय बिताया बल्कि उनके पीड़ा को भी महसूस किया। इस मौके पर प्राचार्य संजय ठाकुर ने वृद्धाश्रम में रह रही सभी माताओं को वस्त्रदान अर्पण किया मुंह मीठा कराया और सभी माताओं एवं बुजुर्गो के पैर छुकर उनसे आर्शीवाद लिया। बता दें कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत गीदम के हारम में वृद्धा आश्रम संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में इस आश्रम में कुल 7 माताएं एवं 5 पुरूष बुजुर्ग आश्रय लिए हुए हैं। सरकारी व्यवस्था के तहत संचालित इस आश्रम में बुजुर्गो की सेवा व उनके खाने रहने की संपूर्ण व्यवस्था समय कल्याण विभाग द्वारा की जाती है। समय समय पर कई दानदाता भी आश्रमों में विभिन्न प्रकार के दान सर्मपण कर वृद्धों की सेवा करते हैं। इसी क्रम में दीपावली जैसे विशेष पर्व के अवसर पर प्राचार्य संजय ठाकुर ने अपनी माताजी-पत्नि एवं बच्चों के संग दीपावली से एक दिन पूर्व आश्रम पहुंच वृद्धों से मिलकर उनकी पीड़ा जानी और उन्हें बचा हुआ जीवन ईश्वर के चरणों में समर्पण करते हुए अच्छे से व्यतीत करने की बात कही। श्री ठाकुर ने बताया कि उन्हें यहां आकर बेहद सुकून मिला । उन्होने कहा कि मां बाप से बढ़कर कोई नहीं होता। मां बाप ही भगवान के रूप हैं उन्हें कष्ट देने का मतलब है कि भगवान को कष्ट देना। वस्त्रदान पाकर वृद्ध भी बहुत खुश हुए और सभी ने प्राचार्य श्री ठाकुर एवं उनके परिवार को खुब आर्शीवाद दिया। प्राचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि आगे जब भी समय मिलेगा वे इस आश्रम में फिर से आकर वृद्धों की सेवा, समर्पण भाव से करना चाहेंगे।

# छठ पर्व की तैयारी शुरू,डंकनी नदी घाट की हो रही साफ-सफाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 नवंबर।** चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व की तैयारी दंतेवाड़ा में भी शुरू हो गई है। पर्व के लिए डंकनी नदी घाट की साफ सफाई एवं घाट पर पूजा के लिए चौरा बनाने का काम तेजी से चल रहा है। 05 नवंबर को चतुर्थी तिथि पर छठ पर्व की शुरूआत नहाय खास रस्म से होगी जो 8 नवंबर को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न होगा। पर्व के मददेनजर बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश के लोगों में हर्ष व्याप्त है। छठ पूजा करने वाले लोग बीते पखवाड़े भर से पूजा सामाग्री एकत्र करने में जूट गए हैं। सूर्य उपासना का पर्व मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखण्ड में मनाया जाता है। कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला छठ पर्व नगर के मिथिला व भोजपुरी समाज लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयांचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। छठ पूजा मुख्य रूप से चार दिनों का होता है। 5 नवंबर से से पर्व की शुरूआत हो रही है। इसमे पहला दिन चतुर्थी तिथि 5 नवंबर को नहाय-खाय के रूप में मनाया जाएगा। कार्तिक शुक्ल पंचमी तिथि 6 नवंबर दिन बुधवार को को छठ व्रती महिलाएं खरना उपवास रखेंगी वहीं षष्ठी तिथि 7 नवंबर की संध्या में छठव्रती डंकनी नदी घाट पहुंचेंगी डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करेंगी। 08 नवंबर सप्तमी तिथि पर सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चार दिवसीय छठ पर्व संपन्न होगा।

# कैरम खेलाने से मना किया तो बच्ची ने की खुदकुशी

**भिलाई, 3 नवंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र घर के पास में बच्चे कैरम खेल रहे थे। 9 साल की पीया नेताम घर से निकली और कैरम खेलने की इच्छा जाहिर की लेकिन बच्चों ने उसे मना कर दिया वह घर गई और एडवेस्टर सीट की पाइप से फांसी लाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के भेजा है स्मृति नगर चौकी प्रभारी बंदिता पानिकर ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11 बजे वार्ड-1 ग्राम खम्हरिया की है सेवक राम नेताम (60 साल ) के 12 बच्चे हैं जिसमें पीया नेताम (9 साल ) जुड़वा बेटी है पड़ोसी के बच्चे और उसकी एक बहन कैरम खेल रहे थे वहां पीया भी पहुंची और कैरम खेलने की जिद करने लगी बच्चों ने मना कर दिया।

जिससे वह नाराज होकर घर चली गई पैरेंट्स से कहने लगी कि वो लोग उसे कैरम नहीं खेलने दे रहे हैं। इतना बोलकर रोने लगी पास में ही रहने वाली अपनी बड़ी बहन के घर जाने के लिए जिद करने लगी लेकिन घर वालों ने उसे वहां नहीं भेजा एडवेस्टर सीट वाले कमरे की उंचाई ज्यादा नहीं थी वह बेड पर चढ़कर पाइप में रस्सी से फंदा बनाई और झूल गई परिजनों को जब तक पता लगा तब तक देर हो चुकी थी परिजन उसे फंदे से उतार कर श्रीशंकराचार्य मेडिकल कॉलेज ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया

# तेंदूपत्ता श्रमिकों को बोनस राशि का भुगतान अविलम्ब करें:ताटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भोपालपटनम, 3 नवंबर।** जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने वन मंडल बीजापुर के अंतर्गत तेंदूपत्ता समिति चेरपल्ली एवं देपला के तेंदूपत्ता श्रमिकों को वर्ष 2021-22 के बोनस राशि का भुगतान न करते हुए शासन से प्राप्त राशि में गड़बड़ी करने का आरोप वन अधिकारियों पर लगाया है ताटी ने कहा कि तेंदूपत्ता समिति चेरपल्ली के अंतर्गत ग्राम पेद्दामाटूर तथा तेंदूपत्ता समिति देपला के अंतर्गत ग्राम गोरगुण्डा के ग्रामीणों ने वर्ष 2021-22 में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य किया था लेकिन उनके पारिश्रमिक के बोनस का भुगतान वन अधिकारियों ने आज पर्यंत न करते हुए शासन से प्राप्त राशि में हेरा फेरी की है जबकि वर्ष 2021-22 के तेंदूपत्ता बोनस की राशि का भुगतान उक्त समितियों के अन्य ग्रामों में पहले ही किया जा चुका है उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बोनस की राशि का भुगतान करने की मांग किए जाने पर वन अधिकारी गोलमोल जवाब देकर इन ग्रामीणों को गुमराह कर रहे है जिला पंचायत सदस्य ताटी ने आगे कहा कि तेंदूपत्ता बोनस राशि में गड़बड़ी मामले की निष्पक्ष जांच कर वित्तीय अनियमिताओं में संलिप्त दोषी वन अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित तेंदूपत्ता श्रमिकों को वर्ष 2021-22 के बोनस राशि का अविलम्ब भुगतान करने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने जलाया एक दीप अपनी मांगों के नाम

**भिलाई, 3 नवंबर।** छ्ग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान बीजापुर जिले के चारों विकास खण्ड मुख्यालयों मे एक दीप अपनी माँगों के नाम जलाया।आंदोलन के तीसरे चरण में 1 नवंबर राज्योत्सव एवं दीपावली के अवसर पर पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर शासन -प्रशासन को अपनी माँगों की ध्यान आकृष्ट कराया।शिक्षक मोर्चा के सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला मुख्यालय जय स्तंभ चौक पर जिला संचालक राजेश मिश्रा एवं अलीम रिजवी एवं सह संचालक कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे जिला मुख्यालय के शिक्षको ने दीप प्रज्जवलित कर अपनी माँगो की याद दिलायी।महिला शिक्षिकाओं आर ममता राव ,लक्ष्मी वैद्द,ममता कमल आदि ने थाली मे दीप सजाकर जय स्तंभ चौक पर रखा।कार्यकम मे महामंत्री वसीम खान,मधुसूदन मोरला, रमन झा,आशीष पाण्डेय,राजेन्द्र ठाकुर,महेश यालम,मनोज कावटी,अरुन सिंग,मोहन तोगर,सुरेश नरेटी,भिखारी राम माँझी,सत्यम झाड़ी मोगली गट्टैयाआदि शिक्षक मौजूद थे।वहीं भैरमगढ़ मे ब्लाक संचालक शिव पूनेम ने सपरिवार दीप जलाकर माँगे दोहराई।विकास खण्ड उसूर मे जिला सहसंचालक रुद्र प्रताप झाड़ी एवं ब्लाक सहसंचालक अनिल झाड़ी ने सपरिवार डॉ.भीम राव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर शिक्षकों की माँगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।विकास खण्ड भोपाल पटनम मे ब्लाक संचालक योगेश वासम के नेतृत्व मे डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक मे उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर अपनी माँगे दोहराई।दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम मे अनिल जाटव,संजय चिंतुर,महेश बोज्जी,अहंकारी राजन्ना,मनोज कोड़े,सुरेश गोटा ,आलम कामेश्वर,प्रशाँत पामभाई आदि शिक्षकों ने अपनी माँगों को लेकर नारे बाजी की।प्रमुख माँगों को लेकर आंदोलन के प्रथम चरण मे 2 अक्टूबर गाँधी जयंती के दिन प्रदेश के शिक्षकों द्वारा राजधानी मे सत्याग्रह किया गया।द्वितीय चरण मे 24 अक्टूबर को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों मे धरना - प्रर्दशन एवं रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित विभागिय मंत्रियों वा सचिवो को ज्ञापन सौंपा गया।तृतीय चरण मे दीप जलाकर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया।फिर भी शासन -प्रशासन द्वारा माँगे नही मानने पर उग्र आंदोलन किया जावेगा।प्रमुख माँगों मे पूर्व सेवा गणना,वेतन विसंगति दूर करना,1.86 गुणांक मे वेतन निर्धारण,क्रमोन्नति/समयमान वेतन,उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार कमोन्नति हेतु आदेश,20 वर्ष की सेवा मे पूर्ण पेंशन वा 10 वर्ष की सेवा मे अनुपातिक पेंशन एवं जुलाई 2019 से डी ए एरीयर्श की राशि प्रदाय की जावे।

# राजहरा के नागरिकों ने उठाया नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ



**भिलाई, 3 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस अस्पताल में 01 नवम्बर को एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। षिविर में बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों और वरिष्ठ डॉक्टरों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय की चिकित्सा संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विशेषज्ञों की व्यवस्था, चिकित्सकीय देखभाल और उचित परामर्श उपलब्ध कराना है। इस शिविर के तहत परामर्शदाताओं द्वारा 300 से अधिक परामर्श प्रदान की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में शामिल टीम में डॉ नूतन वर्मा (शिशु रोग), डॉ इमैनुअल मैसी (हड्डी रोग), डॉ हिमानी गुप्ता (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ दीपाली गुप्ता (नेत्र रोग), डॉ धीरज शर्मा (सर्जरी), डॉ श्वेता वर्मा (ईएनटी), दिग्विजय किशोर (फिजियोथेरेपिस्ट), श्रीमती रीता भटनागर, (आहार विशेषज्ञ), डॉ अक्षय, डीएनबी कंसल्टेंट (हड्डी रोग), डॉ जुली, डीएनबी कंसल्टेंट (प्रसूति एवं स्त्री रोग) ने एक दिवसीय चिकित्सा शिविर के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की। साथ ही इस शिविर में राजहरा माइंस अस्पताल से सीनियर कंसल्टेंट डॉ मनोज डहरवाल और उनकी टीम भी उपस्थित थी। व्यापक स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा सत्र भी शामिल थे, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और स्वस्थ जीवन शैली जीने के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई जिसके तहत डॉ श्वेता वर्मा ने मरीज के कान से कीड़े निकाले, डॉ धीरज शर्मा द्वारा फोड़ों पर चीरा लगाएं गए। एलएसआई सहित ऑर्थो प्रक्रियाएं भी इस शिविर में शामिल थीं। राजहरा माइंस अस्पताल में एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ कौशलेंद्र ठाकुर तथा डॉ सौरव मुखर्जी और राजहरा माइंस के मुख्य महाप्रबंधक श्री आर बी गहरवार के सहयोग से किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी (राजहरा मेडिकल हॉस्पिटल) डॉ मनोज डहरवाल तथा एचआर अधिकारी डॉ जय बघेल के समर्पित प्रयासों के साथ-साथ राजहरा माइंस अस्पताल के सहायक कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एक नजर

### सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने 1:10 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

मुंबई 3 नवम्बर। सुदर्शन फर्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जो कि रासायनिक और फर्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत 1 शेयर को विभाजित कर 10 शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जो कि शेयरधारकों की मंजूरी और अन्य आवश्यक अनुमोदनों पर निर्भर है। हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मेवन फर्मा प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की फर्मास्युटिकल्स, स्वास्थ्य संबंधी, आयुर्वेदिक और आहार अनुपूरक उत्पादों का निर्माण, फॉर्मूलेशन, प्रोसेसिंग, विकास, परिष्करण, आयात और निर्यात करना है, इसके अलावा विविध अन्य उत्पाद भी शामिल हैं। इससे पहले, जुलाई महीने में, कंपनी ने अपने प्रमोटरों को परिवर्तनीय वारंट्स के जारी करके धन जुटाने की मंजूरी दी थी।

### मोदी सन्स के शुद्ध लाभ में 101 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि

**रायपुर, 3 नवम्बर।** मोतिसन्स ज्वेलर्स लिमिटेड, ज्वेलरी उद्योग की प्रमुख कंपनी, की 28 अक्टूबर को हुई बोर्ड बैठक में 30 सितंबर को समाप्त तिमाही और अर्ध-वार्षिक के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी गई। 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के लिए (स्टैंडअलोन), कंपनी के संचालन से राजस्व 10, 934.44 लाख रुपये दर्ज किया गया, जो वर्ष-दर-वर्ष 21त्न की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे एबिटा 1, 762.51 लाख रुपये रहा, जो 34त्न की वार्षिक वृद्धि है। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के एबिटा मार्जिन 152 बीपीएस बढ़कर 14.57त्न से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे 16.09त्न तक पहुंच गया साथ ही वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ 518.28 लाख रुपये था जो वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे 101त्न बढ़कर 1, 039.55 लाख रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे शुद्ध लाभ मार्जिन 9.49त्न पर पहुंच गया, जो 374 बीपीएस की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है।

### नंदन डेनिम लिमिटेड ने पहली छमाही के लिए की प्रभावशाली कमाई

**रायपुर, 3 नवम्बर।** नंदन डेनिम लिमिटेड, जो डेनिम उद्योग में अग्रणी स्थान रखता है, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की परिचालन से आय रुपये 82, 025.08 लाख रही, जो वार्षिक आधार पर 105त्न की वृद्धि है। एबिटा रुपये 3, 446.55 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 12त्न की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ 7त्न वार्षिक वृद्धि के साथ रुपये 820 लाख (वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही) से बढ़कर रुपये 877.75 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) हो गया। अर्धवार्षिक परिणाम (30 सितंबर 2024 को समाप्त, स्टैंडअलोन): कंपनी की परिचालन से आय रुपये 1, 57, 187.40 लाख रही, जो वार्षिक आधार पर 62.25त्न की वृद्धि है। एबिटा रुपये 6, 894.83 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही) रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 43.98त्न की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ 64.23त्न वार्षिक वृद्धि के साथ रुपये 990.63 लाख (वित्तीय वर्ष 2024 की पहली छमाही) से बढ़कर रुपये 1, 626.88 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही) हो गया।

## जिला पुलिस ने जुआ खेलने वालों की धरपकड़ के लिए चलाया विशेष अभियान

# 72 जुआरी गिरफ्तार, भेजे गए जेल,नकदी जब्त

- **अभियान में थाना कसडोल में 6, सिटी कोतवाली 4, गिरौदपुरी चौकी 3, पलारी 3, गिधपुरी 2 एवं थाना हथबंद, भाटापारा ग्रामीण, चौकी बया द्वारा 1-1 प्रकरण किया गया दर्ज**



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 1 नवम्बर को जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस टीम द्वारा रुपये पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने वाले आरोपी जुआरियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्र में घेराबंदी जुआ खेलते हुए कुल 72 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से नगदी 43, 355 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया।

अभियान में जुआरियों के विरुद्ध थाना कसडोल द्वारा 06, सिटी कोतवाली 04, गिरौदपुरी चौकी 03, पलारी 03, गिधपुरी 02 एवं थाना हथबंद, भाटापारा ग्रामीण, बया चौकी द्वारा 01-01 प्रकरण प्रकरण दर्ज किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण अभियान में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा छापामार अभियान चलाते हुए विभिन्न थाना क्षेत्र में आरोपी जुआरियों के विरुद्ध कुल 21 प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध संबंधित थानों में 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

**आरोपियों के नाम:** 1. रूपेश ध्रुव उम्र 25 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 2. गैतराम ध्रुव उम्र 22 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 3. दिगम्बर साहू उम्र 25 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 4. खुमेश्वर वर्मा उम्र 22 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 5. रामप्रसाद बघेल उम्र 49 साल निवासी ग्राम सुढेली थाना सिटी कोतवाली, 6. पवन कुमार भारद्वाज उम्र 52 साल निवासी ग्राम सुढेली थाना सिटी कोतवाली, 7. बेदराम भारद्वाज उम्र 39 साल निवासी ग्राम सुढेली थाना सिटी कोतवाली, 8. किशन कुमार केवट उम्र 20 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 9. किशोर कुमार केवट उम्र 38 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 10. रेखराम यादव उम्र 35 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 11. जितेंद्र यादव उम्र 18 साल निवासी ग्राम सुढेला थाना सिटी कोतवाली, 12. राकेश पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, 13. शानू साहू उम्र 22 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, 14. डागेश पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, 15. दीपक गुप्ता उम्र 28 साल निवासी इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, 16. चंदन देवदास उम्र 22 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, 17. राशिद खान उम्र 19 साल निवासी इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, 18. टकेश्वर चंद्राकर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नगपुरा थाना पलारी, 19. लोकनाथ बंजारे उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम नगपुरा थाना पलारी, 20. भोदूराम चतुर्वेदी उम्र 60 साल निवासी ग्राम नगपुरा थाना पलारी, 21. हीरालाल चतुर्वेदी उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम नगपुरा थाना पलारी, 22. शंभू रात्रे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम नगपुरा थाना पलारी, 23. राजीव रात्रे उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी, 24. दिलेश्वर भारती उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी, 25. मोहित भारती उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी, 26. सहदेव साहू उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 कसडोल थाना कसडोल, 27. पिंटू यादव उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 कसडोल थाना कसडोल, 28. अजय कैवर्त उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 कसडोल थाना कसडोल, 29. मनीष कुमार उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 कसडोल थाना कसडोल, 30. ललित कंवर उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल, 31. बद्दू लाल पैकरा उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल, 32. मनमोहन मानिकपुरी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल, 33. जीतराम यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल, 34. दयाराम मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी कसडोल थाना कसडोल, 35. शैलेंद्र सिदार उम्र 24 वर्ष निवासी पारस नगर कसडोल थाना कसडोल, 36. छोटू यादव उम्र 21 वर्ष निवासी बजरंग चौक कसडोल थाना कसडोल, 37. विनय बंजारे उम्र 34 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी कसडोल थाना कसडोल, 38. योगेश केवट उम्र 40 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी कसडोल थाना कसडोल, 39. संजय यादव उम्र 30 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी कसडोल थाना कसडोल, 40. सुनील कुमार यादव उम्र 30 वर्ष निवासी कबीर मंदिर के पास कसडोल थाना कसडोल, 41. दुकालू यादव उम्र 25 वर्ष निवासी कबीर मंदिर के पास कसडोल थाना कसडोल, 42. विकास साहू उम्र 24 वर्ष निवासी पारस नगर कसडोल थाना कसडोल, 43. संतोष महिलांग उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम केसदा थाना हथबंद, 44. हेमू चेलक उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम केसदा थाना हथबंद, 45. लिलेश कुमार साहू उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कौवाडीह थाना गिधपुरी, 46. हेमंत साहू उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कौवाडीह थाना गिधपुरी, 47. कमलेश कुमार वैष्णव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कौवाडीह थाना गिधपुरी, 48. ओंकार प्रसाद साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गैतरा थाना गिधपुरी, 49. दिलहरण उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम गैतरा थाना गिधपुरी, 50. त्रिलोचन साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गैतरा थाना गिधपुरी, 51. भगवती यदू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण, 52. कैलाश यदू उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण, 53. दुखुरम यदू उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण, 54. नरेंद्र यदू उर्फगोलू उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण, 55. राजेंद्र निषाद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण, 56. संतोष उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कोदवा थाना भाटापारा ग्रामीण, 57. रोहित नेताम उम्र 30साल निवासी ग्राम दोंद पुलिस चौकी बया, 58. उमेश नागवंशी उम्र 19 साल निवासी ग्राम दोंद पुलिस चौकी बया, 59. जगन्नाथ यादव उम्र 35 निवासी ग्राम दोंद पुलिस चौकी बया, 60. भुवनेश्वर टंडन निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 61. रेवत राम चेलक निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 62. प्रेमलाल भतपरे निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 63. यशवंत कुमार चेलक निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 64. तेरस राम भतपरे निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 65. रामकृपाल खूंटे निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 66. समारू चेलक निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 67. विजय कुमार साहू निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 68. अमृतलाल साहू निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 69. रामखेलावन खूंटे निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 70. चंद्रकी कुर्रे निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 71. हरप्रसाद चेलक निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी, 72. ताराचंद खूंटे निवासी ग्राम मटिया पुलिस चौकी गिरौदपुरी है।

## शिवानी अग्रवाल ने बनाई बाल श्रीराम की सुंदर रंगोली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 3 नवम्बर।** प्रतिष्ठित अनाज व्यवसायी गणेश अग्रवाल और शकुंतला अग्रवाल की पुत्रवधू, शिवानी अग्रवाल, ने बाल राम की आकर्षक रंगोली अपने घर में बनाई, जो प्रभु के अभी ट्रेंडिंग एआई अवतार को ध्यान में रखकर तैयार की गई थी। नगर के सम्मानित व्यक्तित्व जिन्होनें इसे जाकर देखा इस रंगोली की बारीकियां और सुंदरता की खुले दिल से प्रशंसा की। शिवानी ने बताया कि आर्ट में उनकी बहुत रुचि है। वाह खाली टाइम में रंगोली, पेंटिंग, स्केचिंग, पोर्ट्रेट मेकिंग करती हैं और प्रोफेशनल क्लासेज भी लेती हैं। इसके अलावा वो सोशल मीडिया जैसे इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव है और समय-समय पर पोस्ट करती रहती है।

## बेहतर शैक्षिक वातावरण में भावी पीढ़ी का निर्माण करें : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में संकुल शैक्षिक समन्वयकों के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा की महत्ता को रेखांकित करते हुए स्कूलों में बेहतर शैक्षिक माहौल के साथ भावी पीढ़ी के निर्माण पर बल दिया और संकुल समन्यवकों को शिक्षक एवं विभाग के मध्य सेतु बनने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य संवारने के साथ समाज में आदर्श स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक स्वयं नैतिकता और ईमानदारी का मिसाल बने। शिक्षक स्कूलों के लिए तय शैक्षिक कार्य अवधि में पूरी क्षमता लगाकर बेहतर परिणाम लाएं। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षकों के अमर्यादित कृत्य से पूरे विभाग की छवि धूमिल होती है। उन्होंने दो टूक कहा कि कर्तव्य में लापरवाही या पद की गरिमा को दाग़दार करने वाले शिक्षकों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी वहीं बेहतर शैक्षणिक कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब हर महीने संकुल समन्वयकों की बैठक ली जाएगी जिसमें महीने भर की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। संकुल समन्वयक अपने संकुल अंतर्गत शैक्षिक गतिविधियों मे किये गए कार्यों का प्रेजेंटेशन देंगे। आगामी बोर्ड परीक्षा में जिले की रैंकिंग बेहतर करने की रणनीति बनाएं। बताया गया कि जिले के 5 विकासखंडो में कुल 192 संकुल है तथा प्राथमिक से लेकर उच्चत्तर माध्यमिक तक कुल 1558 शासकीय स्कूल हैं वहीं 14 प्राचार्य, 1302 व्याख्याता एवं 174 सहायक शिक्षक विज्ञान, 120 प्रधानपाठक एवं 1771 शिक्षक कार्यरत हैं। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत 52 बलवाड़ी का संचालन किया जा रहा है।

### दामाखेड़ा घटना पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

## 16 आरोपी गिरफ्तार, एक किशोर पर की गई विधि सम्मत कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** 1 नवम्बर को जिला बलौदाबाजार भाटापारा के ग्राम दामाखेड़ा में दीपावली त्यौहार के दौरान गांव में फ्टाका फोड़ने की बात को लेकर ग्रामीण एकत्रित होकर लाठी- डण्डा के साथ दामाखेड़ा आश्रम में पहुँचे थे जिनके द्वारा अपमानजनक शब्दो का प्रयोग किया गया !जिस पर थाना सिमगा में अपराध क्रमांक 438/2024 धारा 191(2), 191(3), 190, 331, 296, 351(3), 298 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में चश्मदीद साक्षी, गवाहो के कथन एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में (01). दुर्गेश देवांगन, (02). भुवनेश्वर देवांगन, (03). प्रताप साहू, (04). हरि साहू, (05). अजय साहू, (06). राकेश कुमार ध्रुव, (07). चाँद कुमार ध्रुव, (08). आशीष कुमार ध्रुव, (09). रामअवतार ध्रुव, (10). अर्जुन निर्मलकर, (11). देवलाल झमोनू वर्मा, (12). पुरन देवांगन, (13). किशन देवांगन, (14). दुजराम देवांगन, (15). ओमप्रकाश देवांगन, (16) रेखा देवांगन कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है एवं 1 किशोर बालक के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई है ! ग्राम दामाखेड़ा में शांति व्यवस्था हेतु बल तैनात किया गया है एवं क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है एवं हालात शांतिपुर्ण है।

## शराब की अवैध बिक्री करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 02.11.2024 को चौकी करहीबाजार पुलिस टीम द्वारा आरोपी बसंत सोनवानी को पीपल चौक के पास ग्राम खपरी (आर) में घेराबंदी कर अवैध रूप से देशी मशाला शराब बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी से एक लाल रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर रखे ?3850 कीमत मूल्य का 35 पाव कुल 6.300 बल्क लीटर देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम ?360 को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### कौशल पखवाड़ा शिविर का हुआ आयोजन

# बच्चों को अधिकारों व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में कौशल विकास विभाग द्वारा जिले में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा विकासखंड कसडोल अंतर्गत आईटीआई असनींद एवं विकासखंड भाटापारा ग्राम पंचायत तरेंगा में आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम में बालकों के अधिकारों, किशोर न्याय अधिनियम, और पाक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की साथ ही, बाल श्रम के खतरों के बारे में समझाया गया, जिससे बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित बचपन से वंचित नहीं होना पड़े। कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर भी विशेष चर्चा की गई, ताकि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को इसके अवांछनीय परिणामों की जानकारी हो। नशा वृत्ति के मुद्दे पर भी गहन चर्चा हुई और बच्चों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, गुड टच और बेड टच की अवधारणा को सरल तरीके से समझाया गया, जिससे बच्चे किसी भी अनचाहे संपर्क को समझ सकें और उससे बचने के उपाय जान सकें। टीम ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और डायल 112 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी, जिससे आपात स्थिति में बच्चे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के महत्व पर भी जोर दिया गया और पंचायत प्रतिनिधियों को इसे सक्रिय रूप से कार्यरत रखने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त, स्पॉन्सरशिप योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके। शिविर में छात्र-छात्राओं, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाल संरक्षण से संबंधित जानकारियों को समझा और अपने गांव में बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

**बलौदाबाजार, 3 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 जारी किया गया है। इसी अनुक्रम में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में किया गया है। प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार मतदाताओं की जानकारी निम्नानुसार है विधानसभा क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र 129, पुरुष मतदाता 52338, महिला मतदाता 52458, थर्ड जेंडर 2, कुल मतदाता 104798, विधानसभा क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 404, पुरुष मतदाता 184597, महिला मतदाता 185313, थर्ड जेंडर 2, कुल मतदाता 369912, विधानसभा क्रमांक 45 बलौदाबजार में मतदान केंद्र 199, पुरुष मतदाता 91036, महिला मतदाता 92631, थर्ड जेंडर 0, कुल मतदाता 183667, विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र 282, पुरुष मतदाता 129255, महिला मतदाता 131271, थर्ड जेंडर 11, कुल मतदाता 260537, इस तरह जिले में कुल 1014 मतदान केंद्र, पुरुष मतदाता 457226, महिला मतदाता 461673 थर्ड जेंडर 15, कुल मतदाता 918914 है। इसी तरह दावें एवं आपत्तियों का कार्यक्रम निम्नानुसार तय है जिसमें एकीकृत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 29.10.2024 बुधवार को, दावा आपत्तियाँ प्राप्त करने हेतु तिथियाँ 29.10.2024 (बुधवार) से 28.11.2024 (गुरुवार) तक, विशेष शिविर हेतु तिथियाँ 09.11.2024 (शनिवार), 10.11.2024 (रविवार), 16.11.2024 (शनिवार) तथा 17.11.2024 (रविवार), दावा आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तारीख 24.12.2024 (मंगलवार) तक, डाटाबेस अद्यतन करना, तथा अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति प्राप्त करना 01.01.2025 (बुधवार), मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06.01.2025 (सोमवार) को किया जाएगा। सभी मतदान केंद्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु ते तिथियों में अविहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला- कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202410201500022/ अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दयावती पति स्व. लछमन उम्र 56 वर्ष जाति सतनामी निवासी-फारेस्ट कॉलोनी कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला नहरपारा में स्थित भूखण्ड क्रमांक 540/1 क्षेत्रफल 204 वर्गफीट भूमि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् 30 वर्षीय पट्टा वर्ष 1998 में मेहतरीन पति लखन के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा अपने सास मेहतरीन पति स्व. लखन की दिनांक 21.10.2019 को मृत्यू होने के कारण छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर उनके वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् प्राप्त 30 वर्षीय पट्टा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 08.11.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.10.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)



**फार्मेट सी-1**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पता: आकाश शर्मा,** मकान नंबर 115, वी. एल. एम. स्कूल के पास, ओम सोसायटी, सुन्दर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ 492013

**राजनैतिक दल का नाम:** इंडियन नेशनल कांग्रेस

निर्वाचन का नाम-

विधान सभा-

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम- 51 - रायपुर नगर दक्षिण**

मैं आकाश शर्मा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं **(क) लंबित आपराधिक मामले- क्र.सं. (1) न्यायालय का नाम-** न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, **मामले की सं. एवं तारीख-** 22283/2013, **मामले (मामलों) की स्थिति-** लंबित, **संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण-** धारा 353, 186, 188, 332, 147, 148 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

2. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 20471/2015, लंबित, धारा 147, 149, 427 भारतीय दण्ड विधान, धारा 03 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

3. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 4884/2018, लंबित, धारा 147, 353, 186, 332, 427 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

4. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, - 2794/2018, लंबित, धारा 147, 321, 294 भारतीय दण्ड विधान एवं बल्वा, स्वेच्छया उपहति करने का आरोप।

## एक नजर



**रायपुर, 3 नवम्बर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सीएम हाउस में सपरिवार मुलाकात कर भाजपा नेता अंजय शुक्ला ने उन्हें दीपावली उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### पुस्तक का विमोचन



**रायपुर, 3 नवम्बर।** ऑस्टियोपोरोसिस एक रोकथाम योग्य रोग पुस्तक का का विमोचन विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री के द्वारा 29 अक्टूबर को ऑस्टियोपोरोसिस एक रोकथाम योग्य रोग हिंदी संस्करण पुस्तक लेखिका डॉक्टर नंदा गुरवारा एवं डॉक्टर डेजी द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया इस पुस्तक में ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या के बारे में एवं समस्या से बचने के उपाय के बारे में बताया गया है यह पुस्तक अत्यंत वस्तु परख एवं समझ में आ सकते वाली भाषा में है स्वास्थ्य पोषण के क्षेत्र में काम करने वालों के साथ ही सामान्य व्यक्ति भी इससे लाभान्वित होंगे इस पुस्तक के प्रकाशन पर डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना ने इस पुस्तक के उपयोगिता पर प्रकाश डाला है एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है पुस्तक के विमोचन के समय हरीश गुरवारा इन नमन शर्मा अखिलेश साहू एवं नागरिक उपस्थित थे।

### योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री को दिवाली की दी बधाई



**रायपुर, 3 नवम्बर।** सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं और बधाई दी। तिवारी ने इस अवसर पर राज्य सरकार की योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि दीपावली के पवित्र त्योहार से पहले ही महतारी वंदना योजना का पैसा बहनों के खाते में पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र की महिलाओं के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई है। योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि राज्य सरकार की 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की घोषणा ने किसानों में उत्साह भर दिया है। गांव-गांव में इस निर्णय को लेकर हर्ष का माहौल है, और किसान भाई राज्य सरकार की इस पहल से बेहद प्रसन्न हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान योगेश तिवारी ने बेमेतरा जिले की ओर से महिलाओं और किसानों की तरफसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया और बेमेतरा जिले की बहनों एवं किसानों की तरफसे धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रुक गई है नदी, बदल रही है रास्ता... शायद सागर ने उसे, तलाक दे दिया है...



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने तलाक के मामले में पति -पत्नी के रिश्तों पर धार्मिक ग्रंथों रामायण, महाभारत में वर्णित मान्यताओं का हवाला एक फैसले में दिया है। इसी आधार पर कोर्ट ने पति को तलाक की मंजूरी दी, परिवार न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा। न्यायालय के इस फैसले को पत्नी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, मप्र के डिंडोरी जिले के करंजिया निवासी नेहा, मसीही धर्म का पालन करती हैं, उसने 7 फरवरी 2016 को बिलासपुर निवासी विकास चंद्रा से हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया था। विवाह के कुछ माह बाद नेहा ने हिंदू धार्मिक मान्यताओं, देवी-देवताओं का उपहास करना शुरू कर दिया। दिल्ली में नौकरी कर रहे विकास के साथ कुछ समय बिताने के बाद नेहा वापस बिलासपुर लौट आई, फिर क्रिश्चियन धर्म अपनाते हुए चर्च जाना शुरू कर दिया। पत्नी के व्यवहार से परेशान विकास ने परिवार न्यायालय में तलाक की अर्जी दी।सुनवाई के बाद,परिवार न्यायालय ने विकास के पक्ष में फैसला सुनाते तलाक की डिक्री जारी की। पत्नी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। जस्टिस रजनी दुबे,जस्टिस संजय जायसवाल के डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई,सुनवाई के दौरान पाया गया कि नेहा ने खुद स्वीकार किया है कि बीते10 वर्षों में वह किसी भी हिंदू धार्मिक अनुष्ठान में शामिल नहीं हुई हैं, पूजा- अर्चना के बजाय उन्होंने चर्च जाना शुरू कर दिया है।विकास ने कोर्ट को बताया कि उनकी पत्नी ने बार-बार धार्मिक भावनाओं को आहत किया, देवी- देवताओं का अपमान किया, मामले की सुनवाई के बाद, हाईकोर्ट ने परिवार न्यायालय के फैसले को उचित ठहराते हुए कहा कि इसमें किसी भी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है और नेहा की अपील को खारिज कर दिया. कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता पत्नी ने खुद स्वीकार किया है कि पिछले 10 वर्षों से उसने किसी भी तरह की पूजा नहीं की है, इसके बजाय वह अपनी प्रार्थना के लिए चर्च जाती है।यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह दो अलग- अलग धर्मों के व्यक्तियों के बीच विवाह का मामला नहीं है,धार्मिक प्रथाओं की पारस्परिक समझ की अपेक्षा की जाती है। यहां, पति ने बताया कि पत्नी ने बार- बार उसकी धार्मिक मान्यताओं को अपमानित किया, देवताओं का अपमान किया उसे अपमानित किया।कोर्ट के विचार में, पत्नी से ऐसा व्यवहार जिसे 'सहधर्मिणी' होने की उम्मीद है- एक धर्म निष्ठ हिंदू पति के प्रति मानसिक क्रूरता के बराबर है।महाभारत-रामायण में ही नहीं बल्कि मनु स्मृति में भी कहा गया है कि पत्नी के बिना कोई भी यज्ञ अधूरा है। धार्मिक कर्म में पत्नी -पति के साथ बराबर की भागीदार होती है। पति अपने परिवार का इकलौता बेटा है,परिवार के सदस्यों के लिये धार्मिक अनुष्ठान करना होता है।विद्वान ट्रायल कोर्ट ने दोनों पक्षों के मौखिक, दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर प्रतिवादी के पक्ष में सही फैसला किया है। ट्रायल कोर्ट द्वारा दर्ज किया गया निष्कर्ष न्याय संगत, उचित और हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार है, इसमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट नेअपील को सारहीन बता खारिज कर दिया।

### छत्तीसगढ़ का आंख फोड़वा कांड (2)...

छग में दूसरा आँख फोड़वा कांड



हो गया है, दोनों में समानता यह है कि 2024 के मौजूदा कार्यकाल में भाजपा की सरकार है तो 2011 के आंख फोड़वा कांड के समय भी छ्ग में भाजपा की सरकार थी, आदिवासी तथा नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के दौरान भारी लापरवाही बरती गई है। बीते 22 अक्टूबर को अस्प ताल में मोतियाबिंद ऑपरे शन का कैंप लगाया गया था।जिस ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन किया गया वह कमरा कई दिनों से बंद था।यहां तक कि उसेसैनीटाइज भी नहीं किया गया था।आरोप है कि ऑपरेशन थियेटर में फंगस वाला वायरस फैलने से मोतियाबिंद ऑपरेशन किये जाने के बाद कई मरीजों की आंखों में संक्रमण फैल गया,इससे करीब 10 मरीजों को तो दिखना भी बंद हो गया।इसके पहले भी छ्ग में 2011 में भी आंख फोड़वा कांड (1) हो चुका है।22 सितंबर 2011 यही वह मनहूस तारीख थी, जिस रोज सूबे में करीब 65लोगों ने अपनी आँखों की रोशनी को हमेशा-हमेशा के लिए खो दिया। दो सरकारी शिविरों में मोतियाबिंद ऑपरेशन के दौरान लापरवाही की वजह से 5 दर्जन लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी।बालोद में 48, बागबाहरा में 12,राजनांदगांव-कवर्धा में 4-5 लोग इसके शिकार हुए। इस मामले में दुर्ग सीएमओ समेत बालोद बीएमओ, तीन नेत्र सर्जन सस्पेंड हुए थे।इस लापरवाही को आंख फोड़वा कांड के नाम से जाना जाता है।

### हथियों की कब्र पर पहुंचा बड़ा झुण्ड...

जानवरों में भी अपनी संवेदनाएं हैं ,उनकी भी एक अलग दुनिया है,जो मानव से दूर जंगलों में बसती है। वे भी अपने साथियों की मौत पर मातम और दुख व्यक्त करते हैं। पहली बार छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के जंगल में विहंगम नजारा




देखने को मिला,हाथियों का झुंड अपने 3 साथियों की मौत के बाद उस स्थान पर पहुंचा,जहां उन्हें कब्र में दफनाया गया था।अचानक हाथियों को झुंड क्रब के पास जुट गया,इससे आस पास ग्रामीणों में हड़कंप मचा गया और लोगों ने जब देखा कि हाथी के क्रबों के पास सारे हाथी जुटे और पेड़ के पत्ते उस कब्र पर समर्पित कर आंसुओं और रोकर श्रद्धांजलि देने लगे, इस दौरान उनके रोने और उनकी हरकतों को किसी ने मोबाईल में भी कैद कर लिया है। बीते 26 अक्टूबर को रायगढ़ जिले में करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के 3 हाथियों की मौत हो गई थी, मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर डीएफओ को तलब किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी। वहीं रायगढ़ वन मंडल के डीएफओ ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक बीटगार्ड को सस्पेंड कर दिया है, डिप्टी रेंजर के निलंबन के लिए सीसीएफ बिलासपुर को भेजे गए अनुशंसा पत्र के बाद सस्पेंड किया गया है इधर बिजली विभाग के जेई को नोटिस भेजा गया है।



### बस्तर चावल की एक किस्म से कैंसर का इलाज...

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विवि के जेनेटिक एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग ने बस्तर की विलुप्त होती चावल की एक किस्म पर रिसर्च कर ये पाया है कि इस चावल के सेवन से कैंसर की कोशिकाओं को खत्म किया जा सकता है इस चावल को संजीवनी नाम दिया गया है।संजीवनी चावल को पौधा किस्म संरक्षण,कृषक अधिकार प्राधिकरण से पेटेंट मिल चुका है।कृषि विवि अब इस चावल को पीएम मोदी के हाथों दुनिया के सामने लांच करने की तैयारी में है।छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, छग में विश्व में सबसे अधिक धान की किस्म है,यहां की संस्कृति में धान का अपना महत्व है। तीज-त्यौहार में धान की पूजा से लेकर घर की साज -सज्जा के काम आता है, लेकिन अब बहुत जल्द ही बस्तर के सुकमा



की विलुप्त हो रही धान की प्रजाति से कैंसर के मरीजों का इलाज होगा,असल में रायपुर के इंदिरा गांधी विवि के प्रो. दीपक शर्मा,रिसर्च स्कॉलर सलाखा जॉन ने भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के रेडिएशन बायोलॉजी एंड हेल्थ साइंस विभाग के साथ मिल कर साल 2016 से धान की एक किस्म की मेडिसिनल प्रॉपर्टी पर शोध शुरू किया है।डॉ शर्मा के अनुसार संजीवनी धान में इम्मुनो बूस्टर के साथ कैंसर सेल को खत्म करने के गुण पाए गए हैं।खासकर ब्रैस्ट कैंसर के लिए ज्यादा कार गर है।बीते एक साल से वे खुद इस चावल का सेवन कर रहे हैं तब से वे बीमार नहीं हुए हैं।संजीवनी चावल का भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में चूहों पर परीक्षण किया गया, चमत्कारिक परिणाम देखने को मिले, इतना ही नहीं सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टिट्यूट ने भी कैंसर से लड़ने के गुण संजीवनी चावल में पाए हैं।डॉ शर्मा के अनुसार संजीवनी चावल का मेडिसिनल ह्यूमन ट्रायल जनवरी से टाटा मेमोरियल कैंसरहॉस्पि टल में शुरू करने कीतैयारी है।संजीवनी चावल में 213 तरह के बायोकैमिकल पाए गए हैं, जिसमें 7 तरह के केमिकल कैंसर रोधी माने जाते हैं।

### और अब बस...

- छग में रायपुर दक्षिण के चुनाव के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल संभव है?
- जल्दी ही कुछ आईजी, एसपी की नई पदस्थापना होगी।

**छठ पूजा**



रायपुर, 3 नवम्बर। छठ पूजा में लगने वाली सामग्री से राजधानी का बाजार सज गया है।

# जैतू साव मठ में मनाया गया अन्नकूट, हुई गोवर्धन पूजा

**रायपुर, 3 नवम्बर।** अन्नकूट के अवसर पर पुरानी बस्ती रायपुर स्थित जैतू साव मठ में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सबसे पहले गौ माता के गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत की विधिवत पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात भगवान राघवेंद्र सरकार की आरती की गई और उन्हें 156 प्रकार के व्यंजन का भोग अर्पित किया गया।

मठ के महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न किया। उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को प्रसादवितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष दीपावली के अवसर पर लक्ष्मी पूजन के द्वितीय दिवस गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है।



कार्यक्रम में विशेष रूप से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी, कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा, अजय तिवारी जी, दाऊ महेद्रा अग्रवाल, सुरेश शुक्ला रमेश यदु, देवाशीष मुखर्जी, नरेंद्र गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य नगरीक गण सम्मिलित हुए।

# दिवाली मिलन समारोह में चेम्बर ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 3 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुआ जिसमे चेंबर संरक्षक से लेकर सलाहकार, प्रदेश प्रभारी आईटी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रदेश मंत्री, कार्यकारी सदस्य, उद्योग चेंबर, ट्रांसपोर्ट चेंबर, महिला चेंबर, युवा चेंबर, कैट सीजी चेप्टर टीम, युवा कैट एवं विभिन्न व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित पुरे प्रदेश के चेंबर पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।



चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने समारोह के शुभारंभ में सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अतिथियों सहित प्रदेश के समस्त व्यवसायियों-उद्योगपतियों तथा आम जनता को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं समारोह में शामिल चैंबर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाए साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। पारवानी चैंबर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों को संबोधित कर दीपावली पर्व के महत्त्व को बताते हुए कहा कि रौशनी का यह पर्व लोगों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति लाती है, इस पावन अवसर पर आओ हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि स्वयं के अन्दर की बुराई रूपी अँधेरे को इस दीपावली पर्व के रौशनी से हमेशा के लिए मिटाएँ।

### अशोक राज ने आकाश को जिताने ली बैठक

**रायपुर, 3 नवम्बर।** चंद्रशेखर आजाद वार्ड के अंतर्गत बृज नगर झुग्गी झोपड़ी में आकाश शर्मा का प्रचार हेतु एक बैठक का आयोजन दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा पूर्व विधायक शकुंतला साहू ब्लॉक अध्यक्ष सुमित दास वार्ड अध्यक्ष मनोज पाल एवं सैकड़ो की संख्या में झुग्गी वासी उपस्थित थे कार्यक्रम का आयोजन अशोक राजा आहूजा किया प्रमुख रूप से संगीता चंद्राकर खनिज बेगम सफीना बेगम रूबी खान सिद्धू प्रजापति अरशद खान दिलीप भाई आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित दीपक भाई ने कांग्रेस को वोट देने की अपील की और सभी बस्ती वासियों ने एक स्वर में आकाश शर्मा को जीतने का संकल्प लिया



# गौवंश के प्रति श्रद्धा और समर्पण का पर्व है गोवर्धन पूजा : बजाज

**रायपुर, 3 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा के अवसर पर अपने निवास में विधिवत पूजा अर्चना करके गायों को खिचड़ी खिलाई. उन्होंने कहा कि यह गौवंश के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का पर्व है. श्री बजाज ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक पर्व के पीछे प्रकृति के प्रति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य होता है. उन्होंने अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए लोगों से इस पावन पर्व को शांति व सदभाव से मनाने का आग्रह किया. इस अवसर पर गायों को सोहई बांधकर यादव समाज ने परंपरा का निर्वाह किया.



### रायपुर में फ्लाईरोब का नया स्टोर

**रायपुर, 3 नवम्बर।** अग्रणी फैशन रेंटल प्लेटफॉर्म फ्लाईरोब ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति का और विस्तार करते हुए रायपुर में अपना नया स्टोर खोला है। यह स्टोर देवेन्द्र नगर, पुलिस स्टेशन के पास, सेक्टर 4, जागृति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492004 में स्थित है। इस स्टोर का उद्देश्य ग्राहकों को हर मौके के लिए डिजाइनर कपड़े और एक्सेसरीज़ किराए पर उपलब्ध कराना है, ताकि फैशन को और ज्यादा सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। नया स्टोर पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एथनिक वियर, इंडो-वेस्टर्न आउटफिट और एक्सेसरीज़ की अच्छी खासी रेंज उपलब्ध कराता है। इस स्टोर पर ग्राहक खास मौकों के लिए प्रीमियम कपड़े रेंट पर ले सकते हैं या फिर हमेशा चलने वाले स्टाइलिश कपड़े खरीद सकते हैं। फ्लाईरोब का मकसद ग्राहकों को ऐसा फैशन प्रदान करना है जो न सिर्फ सुलभ हो बल्कि पर्यावरण के लिए भी बेहतर हो।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26